के हम तक तुम्हारी दुआ आ रही थी
तुम आ गये हो नूर आ गया हैं
लता: नहीं तो चराग़ों से लौ जा रही थी
तुम आ गए हो नूर आ गया हैं

लता: दिन डूबा नहीं रात डूबी नहीं
जाने कैसा है सफ़र
ख़्वाबों के दिये आँखों में लिये
वहीं आ रहे थे
जहाँ से तुम्हारी सदा आ रही थी
तुम आ गये हो नूर आ गया हैं
नहीं तो चरागों से लौ जा रही थी

film: Ghar singer: Kishore, Lata
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

किशोर: आप की आँखों में कुछ महके हुए से राज़ है
आपसे भी ख़ूबसूरत आपके अंदाज़ हैं
आप की आँखों में कुछ महके हुए से राज़ है

लब हिले तो मोगरे के फूल खिलते हैं कहीं - २
आप की आँखों में क्या साहिल भी मिलते हैं कहीं
आप की ख़ामोशियाँ भी आप की आवाज़ हैं

लता: आप की आँखों में कुछ महके हुए से राज़ है
आप से भी ख़ूबसूरत आपके अंदाज़ हैं
आप की आँखों में कुछ महके हुए से राज़ है

आप की बातों में फिर कोई शरारत तो नहीं - २
बेवजह तारिफ़ करना आप की आदत तो नहीं
आप की बदमाशियों के ये नये अंदाज़ हैं
किशोर: आप की आँखों में कुछ महके हुए से राज़ है
लता: आप से भी ख़ूबसूरत आपके अंदाज़ हैं
आप की आँखों में कुछ महके हुए से राज़ है

जो भी चाहे गिरा दे
हम थे जिनके सहारे ...

है सभी कुछ जहाँ में, दोस्ती है वफ़ा है
अपनी ये कमनसीबी, हमको ना कुछ भी मिला है
हमको ना कुछ भी मिला है
हम थे जिनके सहारे ...

यूँ तो दुनिया बसेगी, तनहाई फिर भी डसेगी
जो ज़िंदगी में कमी थी, वो कमी तो रहेगी
वो कमी तो रहेगी
हम थे जिनके सहारे ...

film: Saawan ki Ghataa singer: Asha
lyrics: S.H. Bihari music: O.P. Nayyar

हौले-हौले साजना धीरे-धीरे बालमा
ओ हो हो हो, हो हो ...

ज़रा हौले-हौले चलो मोरे साजना
हम भी पीछे हैं तुम्हारे
कैसी भीगी-भीगी रुत है सुहानी,
कैसे प्यारे नज़ारे
ज़रा हौले-हौले ...

(पड़ गई जनाब मैं तो आप के गले
अब तो निभाए बगैर ना चले) - २
प्यार के सफ़र में होते ही रहेंगे
झगड़े हज़ार सनम
प्यार के दीवाने, चलते ही रहेंगे
फिर भी मिलाके कदम सजना
होते ही रहेंगे नीची नज़र के
मीठे-मीठे इशारे
ज़रा हौले-हौले ...

(देखली हुज़ूर मैने आप की वफ़ा
बातों ही बातों में हो गये खफ़ा) - २
दिल को तो दिलबर ले ही चुके हो
दिल का करार न लो
मुझे मेरा प्यार दो, दुनिया संवार दो
जीने की बात करो सजना
तुम जो नहीं तो कैसे लगेगी
जीवन नय्या किनारे
ज़रा हौले-हौले ...

film: Do Badan singer: Asha
lyrics: Rajinder Krishan music: Ravi

(जब चली ठंडी हवा, जब उठी काली घटा
मुझको ऐ जान-ए-वफ़ा तुम याद आए) - २

ज़िंदगी की दास्तां, चाहे कितनी हो हंसीं
बिन तुम्हारे कुछ नहीं, बिन तुम्हारे कुछ नहीं
क्या मज़ा आता सनम, आज भूलेसे कहीं
तुम भी आजाते यहीं, तुम भी आजाते यहीं
ये बहारें ये फ़िज़ा, देखकर ओ दिलरुबा
जाने क्या दिल को हुआ, तुम याद आये
जब चली ...

ये नज़ारे ये समा, और फिर इतने जवाँ
हाये रे ये मस्तियाँ, हाये रे ये मस्तियाँ
ऐसा लगता हैं मुझे, जैसे तुम नज़दीक हो
इस चमन से जान-ए-जां, इस चमन से जान-ए-जां
सुन के उसकी सदा, दिल धड़कता हैं मेरा
आज पहलेसे सिवा तुम याद आए
जब चली ...

film: Aandhi singer: Kishore, Lata
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

किशोर: तुम आ गए हो नूर आ गया है - २
नहीं तो चराग़ों से लौ जा रही थी
लता: जीने कि तुमसे वजह मिल गई है
बड़ी बेवजह ज़िंदगी जा रही थी
किशोर: तुम आ गए हो नूर आ गया है

किशोर: कहाँ से चले कहाँ के लिये
ये खबर नहीं थी मगर
कोइ भी सिरा जहाँ जा मिला
वहीं तुम मिलोगे

वो प्यार जवानी में, इक बार ही होता है
किस्मत की अ-ह-हा ...

ITRANS Song Book: 391.s

film: Aap To Aise Na The singer: Asha
lyrics: music: Usha Khanna

मेरा यार रहे ज़िंदा, मेरा प्यार रहे ज़िंदा
बेवफ़ा मुझे कहलाने दो, हो जाने दो शरमिंदा
तू आ तू आ तू आ भी जा कसम निभा तू आ तू आ
कि देखती है ज़िंदगी तेरा ही रास्ता

अपने यार की खातिर, मैं कुछ भी कर सकती हूं
अपने प्यार की खातिर, जीते जी मर सकती हूं
दिल तोड़के अपना मैं, वादों से मुकर सकती हूं,
मेरा यार रहे ...

हम खड़े हैं तेरी राहों में, हम खड़े हैं तेरी राहों में
आ जा रे आ जा रे आ जा रे आ जा रे आ
प्यार की बाहों में आ
औरों से लेना क्या, तुझसे हमें है वास्ता, तू आ ...

महबूब सलामत हो, मैं नाकामी सह लूंगी
बन जाऊंगी हरजाई, मैं बदनामी सह लूंगी
तुझ पे ना आंच आए, अंगारों पे रह लूंगी,
मेरा यार रहे ...

ITRANS Song Book: 392.s

film: Sautan singer: Kishore
lyrics: Saawan Kumar music: Usha Khanna

ज़िंदगी प्यार का गीत है, इसे हर दिल को गाना पड़ेगा
ज़िंदगी ग़म का सागर भी है, हंसके उस पार जाना पड़ेगा

ज़िंदगी बेवफ़ा है तो क्या, अपने रुठे हैं हमसे तो क्या
हाथ में हाथ ना हो तो क्या, साथ फिर भी निभाना पड़ेगा
ज़िंदगी ...

ज़िंदगी एक मुसकान है, टूटे दिल की कोई आस है
ज़िंदगी एक बनवास है, काट कर सबको जाना पड़ेगा
ज़िंदगी ...

है अभी दूर मंज़िल तो क्या, रास्ता भी है मुश्किल तो क्या
रात तारों भरी न मिले तो, ग़म का दीपक जलाना पड़ेगा
ज़िंदगी ...

ITRANS Song Book: 393.s

film: Kabhi Kabhi singer: Lata
lyrics: Sahir Ludhianvi music: Khaiyyam

मेरे घर आई एक नन्ही परी, एक नन्ही परी
चांदनी के हसीन रथ पे सवार
मेरे घर आई ...

उसकी बातों में शहद जैसी मिठास
उसकी सासों में इतर की महकास
होंठ जैसे के भीगे-भीगे गुलाब
गाल जैसे के बहके-बहके अनार
मेरे घर आई ...

उसके आने से मेरे आंगन में
खिल उठे फूल गुनगुनायी बहार
देख कर उसको जी नहीं भरता
चाहे देखूँ उसे हज़ारों बार (२)
मेरे घर आई ...

मैने पूछा उसे के कौन है तू
हंसके बोली के मैं हूँ तेरा प्यार
मैं तेरे दिल में थी हमेशा से
घर में आई हूँ आज पहली बार
मेरे घर आई ...

ITRANS Song Book: 394.s

film: Safar singer: Lata
lyrics: Indeevar music: Kalyanji, Anandji

हम थे जिनके सहारे, वो हुए ना हमारे
डूबी जब दिल की नय्या, सामने थे किनारे
हम थे जिनके सहारे ...

क्या मुहब्बत के वादे, क्या वफ़ा के इरादे
रेत की हैं दीवारें, जो भी चाहे गिरा दे

मिल गई आज मुझे, मेरी मनचाही डगर
क्यूँ छुपा, एक झलक, फिर दिखा ... तू कहाँ ...

ITRANS Song Book: 388.s

film: Aap To Aise Na The singer: Hemlata, Rafi
lyrics: music: Usha Khanna

तू इस तरह से मेरी ज़िंदगी में शामिल है
जहाँ भी जाऊँ ये लगता है, तेरी महफ़िल है

ये आसमान ये बादल ये रास्ते ये हवा
हर एक चीज़ है अपनी जगह ठिकाने पे
कई दिनों से शिकायत नहीं ज़माने से
ये ज़िंदगी है सफ़र तू सफ़र कि मंज़िल है, जहाँ भी ...

हर एक फूल किसी याद सा महकता है
तेरे खयाल से जागी हुई फ़िज़ाएं हैं
ये सब्ज़ पेड़ हैं या प्यार की दुआएं हैं
तू पास हो कि नहीं फिर भी तू मुकाबिल है, जहाँ भी ...

हर एक शय है मुहब्बत के नूर से रोशन
ये रोशनी जो ना हो ज़िंदगी अधूरी है
राह-ए-वफ़ा में कोई हमसफ़र ज़रूरी है
ये रास्ता कहीं तनहा कटे तो मुश्किल है, जहाँ भी ...

रफ़ी: — — — — —
(first stanza same as above ...)

तेरे बगैर जहाँ में कोई कमी सी थी
भटक रही थी जवानी अंधेरी राहों में
सुकून दिल को मिला आ के तेरी बाहों में
मैं एक खोई हुई मौज हूँ तू साहिल है, जहाँ भी ...

तेरे जमाल से रोशन है कायनात मेरी
मेरी तलाश तेरी दिलकशी रहे बाकी
खुदा करे कि ये दीवानगी रहे बाकी
तेरी वफ़ा ही मेरी हर खुशी का हासिल है, जहाँ भी ...

ITRANS Song Book: 389.s

film: Aap To Aise Na The singer: Kishore, Rafi
lyrics: music: Usha Khanna

खुदा ही जुदा करे तो करे,
कोई ताकत जुदा हमको नहीं कर पाएगी
कमसिन हो हसीना हो, वो हुस्न का चाहे नगीना हो
हो कोई सूरत जुदा हमको नहीं कर पाएगी, खुदा ही ...

हम खूबियों के भी आशिक़, हम गोरियाँ के भी शैदा
एक दूसरे के लिये ही, हमें रब ने किया जैसे पैदा
वो चाहे रखे अमीरी में, वो चाहे रखे फ़कीरी में
हो कोई हालत जुदा हमको नहीं कर पाएगी, खुदा ही ...

भूले से कोई परी जो, हम दोनों को भाने लगेगी
वो बीच में दो दिलों के, कभी दीवार बन ना सकेगी
हम तेरे लिये तो जहाँ छोड़ दें, परियाँ तो क्या हम जाँ छोड़ दें
हो पूरी जन्नत जुदा हमको नहीं कर पाएगी, खुदा ही ...

हमप्याला और हमनिवाला, हमराही हमराज़ हमदम
हम जो गिरें थामना तुम, तुम जो गिरो थामेंगे हम
तूफ़ान हो चाहे किनारा हो, एक दूसरे का सहारा हो
हो कोई आगत जुदा हमको नहीं कर पाएगी, खुदा ही ...

ITRANS Song Book: 390.s

film: Aap To Aise Na The singer: Asha, Suresh Wadkar, Manhar
lyrics: music: Usha Khanna

किस्मत की, बाज़ी का, फ़ैसला तो, हो गया है
फ़ासला भी, खो गया है, देखें किसको कौन मिलता है

जिसको जिसे मिलना है, हर हाल में मिलता है
दुनिया में मुहब्बत ही, किस्मत को बदलती है
ये शम्मा हवाओं में, बुझती नहीं जलती है
किस्मत की अ-ह-हा, बाज़ी का अ-ह-हा,
फ़ैसला तो ओ-हो-हो हो गया है अ-ह-हा, फ़ासला भी ...

कुदरत ही बनाती है हर रिश्ता मुहब्बत का
यूँ भी कभी होता है, अनजान सी राहों में
किस्मत जिसे कहते हैं, आ जाती है बाहों में,
किस्मत की ए ए ए, बाज़ी का आ आ आ आ,
फ़ैसला तो ओ ओ ओ हो गया है ऐ ऐ ऐ, फ़ासला भी ...

हर रोज़ नहीं बनती तसवीर मुहब्बत की
जो साँसों में रहता है, जो पलकों में सोता है

दुनिया से हम ने लिया क्या
हम सब की परवाह करें क्यूँ, सब ने हमारा किया क्या
आ ...
दम मारो दम ...

चाहे जियेंगे मरेंगे
दुनिया से हम ना डरेंगे
हमको ना रोके ज़माना, जो चाहेंगे हम करेंगे
आ ...
दम मारो दम ...

Usha Iyer:
I love you
????
daba daba daba daba daba daba daba dab ??

आशा:
क्या ... ख़ुशी क्या ग़म, जब तक है दम में दम
अरे ओ ... कश पे कश लगाते जाओ
हे ... गलियों में झूमो, सड़कों पे घूमो
दुनिया की ख़ूब करो सैर
ऊशा:
हरे रामा हरे कृष्ना हरे कृष्ना हरे रामा

आशा:
आ आ ... दीवाने हम, जब तक है दम में दम
अरे ओ ... कश पे कश लगाते जाओ
गोरे हों या काले, अपने हैं सारे
दुनिया में कोई नहीं ग़ैर
ऊशा:
हरे रामा हरे कृष्ना हरे कृष्ना हरे रामा

film: Solvah Saal singer: Hemant Kumar
lyrics: music: S.D. Burman

है अपना दिल तो आवारा, न जाने किस पे आयेगा

हसीनों ने बुलाया, गले से भी लगाया
बहुत समझाया, यही न समझा
बहुत भोला है बेचारा, न जाने किस पे आयेगा
है अपना दिल तो आवारा ...

अजब है दीवाना, न घर ना ठिकाना
ज़मीं से बेगाना, फलक से जुदा
ये एक टूटा हुआ तारा, न जाने किस पे आयेगा
है अपना दिल तो आवारा ...

ज़माना देखा सारा, है सब का सहारा
ये दिल ही हमारा, हुआ न किसी का
सफ़र में है ये बंजारा, न जाने किस पे आयेगा
है अपना दिल तो आवारा ...

हुआ जो कभी राज़ी, तो मिला नहीं काज़ी
जहाँ पे लगी बाज़ी, वहीं पे हारा
ज़माने भर का नाकारा, न जाने किस पे आयेगा
है अपना दिल तो आवारा ...

film: Tere Ghar Ke Saamne singer: Rafi
lyrics: Hasrat Jaipuri music: S.D. Burman

तू कहाँ, ये बता, इस नशीली रात में
माने ना मेरा दिल दीवाना
हाय रे ... माने ना मेरा दिल दीवाना

हे ... बड़ा नटखट है समा - २
हर नज़ारा है जवाँ
छा गया चारों तरफ़, मेरी आहों का धुआँ
दिल मेरा, मेरी जाँ, ना जाना ... तू कहाँ ...

ओ ओ ... आई जब ठंडी हवा - २
मैने पूछा जो पता
वो भी कतराके गई, और बेचैन किया
प्यार से, तू मुझे, दे सदा ... तू कहाँ ...

हे ... चांद तारों ने सुना - २
इन बहारों ने सुना
दर्द का राग मेरा, रहगुज़ारों ने सुना
तू भी सुन, जानेमन, आ भी जा ... तू कहाँ ...

ओ ओ ... प्यार का देखो असर - २
आए तुम थामे जिगर

बुझा सका है भला कौन वक़्त के शोले
ये ऐसी आग है जिसमे धुआँ नहीं मिलता
कभी ...

तेरे जहाँ में ऐसा नहीं कि प्यार न हो
जहाँ उम्मीद हो इसकी वहाँ नहीं मिलता
कभी ...

ITRANS Song Book: 382.s

film: Ahsaas singer: Kishore
lyrics: Ravindra Peepat music: Bappi Lahiri

सपनों के शहर, हम बनायेंगे घर
पल भर में, ये बना, ये गिरा

चांदी का रंग, हीरे का रूप, घर पर मेरे, सोने की धूप
कल तक जो था, होगा न कल, दिल का मेरा शीश महल,
खो गयी, रोशनी
सपनों के शहर, हम बनायेंगे घर ...

घर को बना, दर को सजा, किसके लिये मैं हुँ खड़ा
तुम बेखबर, मैं हूँ मगर, तनहा पड़ा, पत्थर के घर
तुम नहीं, कुछ नहीं
सपनों के शहर, हम बनायेंगे घर ...

क्यूँ हो जुदा, मुझसे खफ़ा, आ जाओ तुम, न दो सज़ा
मौसम हंसे, गुलशन हंसे, घर पर मेरे, आंगन हंसे
रो रहा, दिल मेरा
सपनों के शहर, हम बनायेंगे घर ...

ITRANS Song Book: 383.s

film: singer: Rafi lyrics: music:

नफ़रत की लाठी तोड़ो, लालच का खंजर फेंको
ज़िद के पीछे मत दौड़ो, तुम प्रेम के पंछी हो
देश प्रेमियों, आपस में प्रेम करो देश प्रेमियों ...

देखो, ये धरती, हम सब की माता है
सोचो, आपस में, क्या अपना नाता है
हम आपस में लड़ बैठे,
हम आपस में लड़ बैठे तो देश को कौन सम्भालेगा
कोई बाहर वाला अपने घर से हमें निकालेगा
दीवानों होश करो, मेरे देश प्रेमियों ...

मीठे, पानी में, ये ज़हर न तुम घोलो
जब भी, कुछ बोलो, ये सोच के तुम बोलो
भर जाता है गहरा घाव जो बनता है गोली से
पर वो घाव नहीं भरता जो बना हो कड़वी बोली से
तो मीठे बोल कहो, मेरे देश प्रेमियों ...

तोड़ो, दीवारें, ये चार दिशाओं की
रोको, मत राहें इन, मस्त हवाओं की
पूरब पश्चिम उत्तर दक्खिन वालों मेरा मतलब है
इस माटी से पूछो क्या भाषा क्या इसका मज़हब है
फिर मुझसे बात करो, मेरे देश प्रेमियों ...

ITRANS Song Book: 384.s

film: Dharmatma singer: Kishore
lyrics: Indeevar music: Kalyanji, Anandji

तेरे चेहरे में वो जादू है, बिन डोर खिंचा जाता हूँ
जाना होता है और मगर, तेरी और चला आता हूँ

जब से तुझको देखा है, देख के खुद को माना है
मानके दिल ये कहता है, मेरी खुशियों का तू है खजाना
पाना तुझको मुश्किल ही सही, पाने को मचल जाता हूँ
तेरे चेहरे में ...

तेरी हीरे जैसे आँखें, आँखों में है लाखों बातें
बातों में रस की बरसातें, मुझमें प्यार की प्यास जगाये
चल पड़ते हैं तेरे साथ कदम, मैं रोक नहीं पाता हूँ
तेरे चेहरे में ...

ITRANS Song Book: 385.s

film: Hare Rama Hare Krishna singer: Asha Bhonsle, Usha Iyer, chorus
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

दम मारो दम, मिट जाए ग़म, बोलो सुबह शाम
हरे कृष्ना हरे राम

दुनिया ने हम को दिया क्या

साथी ये हमारी तकदीर है
कितनी खूबसूरत ये कश्मीर है
ये कश्मीर है, ये कश्मीर है

इस ज़मीन से आसमान से
फूलों के इस गुलसिताँ से
जाना मुश्किल है यहाँ से
तौबा ये हवा है या जंज़ीर है
कितनी खूबसूरत ये कश्मीर है
ये कश्मीर है, ये कश्मीर है

ऐ सखी देख तो नज़ारा
एक अकेला बेसहारा
कौन है वो हम कहारा
मुझसा कोई आशिक़ ये दिलजीर है
अरे, कितनी खूबसूरत ये कश्मीर है
ये कश्मीर है, ये कश्मीर है

film: Hum Dono singer: Asha lyrics: Sahir music: Jaidev

दुख और सुख के रास्ते, बने हैं सब के वास्ते
जो ग़म से हार जाओगे, तो किस तरह निभाओगे
खुशी मिले हमें के ग़म, खुशी मिले हमे के ग़म
जो होगा बाँट लेंगे हम
मुझे तुम आज़माओ तो
ज़रा नज़र मिलाओ तो, ज़रा नज़र मिलाओ तो
ये जिस्म दूर हैं मगर
दिलों में फ़ासला नहीं
जहाँ में ऐसा कौन है, कि जिसको ग़म मिला नहीं - २

तुम्हारे प्यार की क़सम, तुम्हारा ग़म है मेरा ग़म
न यूँ बुझे बुझे रहो, जो दिल की बात है कहो
जो मुझ से भी छुपाओगे, जो मुझ से भी छुपाओगे
तो फिर किसे बताओगे
मैं कोइ गैर तो नहीं
दिलाऊँ किस तरह यक़ीं, दिलाऊँ किस तरह यक़ीं
कि तुम से मैं जुदा नहीं
मुझ से तुम जुदा नहीं

तुम से मैं जुदा नहीं, मुझ से तुम जुदा नहीं
तुम से मैं जुदा नहीं, मुझ से तुम जुदा नहीं ...

film: Jab Pyar Kisi Se Hota Hai singer: Rafi, Lata
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

रफ़ी: ये आँखें, उफ़ युम्मा!
ये सूरत, उफ़ युम्मा!
प्यार क्यूँ ना होगा, ये अदायें, उफ़ युम्मा!
लता: ये मौसम, उफ़ युम्मा!
ये धड़कन, उफ़ युम्मा!
कैसे दिल को रोकूँ, कोइ थामें, उफ़ युम्मा!
रफ़ी: ये आँखें, उफ़ युम्मा!

तुम दिल हो दिलरुबा हो, तुम पर जहाँ फ़िदा हो - २
हम तो हैं क्या, कुछ भी नहीं
तुम सा हसीन कोई नहीं, तुम तो चांद का टुकड़ा हो

ये शोखी, उफ़ युम्मा!
ये शरारत, उफ़ युम्मा!
प्यार क्यूँ ना होगा, ये अदायें, उफ़ युम्मा!
ये आँखें, उफ़ युम्मा!
लता: कब तक रहूँ छुपाये, सीने में आग, हाय - २
जलने लगा ये सारा बदन
समझो ज़रा ये दिल की अगन
तुम जो मिलो चैन आ जाये

ये उमंगें, उफ़ युम्मा!
ये तरंगें, उफ़ युम्मा!
कैसे दिल को रोकूँ, कोई थामें, उफ़ युम्मा!

film: Ahista Ahista singer: Asha, Bhupendra (separate versions)
lyrics: music: Khayyam

कभी किसी को मुकम्मल जहाँ नहीं मिलता
कहीं ज़मीन तो कहीं आसमान नहीं मिलता

जिसे भी देखिये वो अपने आप में गुम है
जुबाँ मिली है मगर हमज़ुबाँ नहीं मिलता
कभी ...

लाखों हैं निगाह में ...

(जानूं ना दीवाना मैं दिल का
कौन है ख़यालों की मलिका) - २
भीगी भीगी रुत की छाओं तले
मन को कहीं वो आन मिले
कैसे पहचानूँ, कि नाम नहीं जानूँ
ढूंढे मेरे अरमान
लाखों हैं निगाह में ...

(कभी कभी वो एक मह-जबीं
डोलती है दिल के पास कहीं) - २
के हैं जो यही बातें
तो होंगी मुलाकातें
कभी वहाँ नहीं तो यहाँ

हाय, लाखों हैं निगाह में ...

film: Patita singer: Hemant Kumar, Lata
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

याद किया दिल ने कहाँ हो तुम
झूमती बहार है कहाँ हो तुम
प्यार से पुकार लो जहाँ हो तुम - २

(ओ, खो गये हो आज किस ख़याल में
ओ, दिल फ़ंसा है बेबसी के जाल में) - २
मतलबी जहाँ मेहरबां हो तुम
याद किया दिल ने कहाँ हो तुम
प्यार से पुकार लो जहाँ हो तुम - २

(ओ, रात ढल चुकी है सुबह हो गयी
ओ, मै तुम्हारी याद लेके खो गयी) - २
अब तो मेरी दास्ताँ हो तुम
याद किया दिल ने कहाँ हो तुम
प्यार से पुकार लो जहाँ हो तुम - २

(ओ, तुम तो मेरे ज़िंदगी के बाग़ हो
ओ, तुम तो मेरी राह के चिराग़ हो) - २
मेरे लिये आसमाँ हो तुम
याद किया दिल ने कहाँ हो तुम
प्यार से पुकार लो जहाँ हो तुम - २

film: Mohabbat Isko Kahte Hain singer: Rafi, Suman
lyrics: music: Khayyam

रफ़ी: ठहरिये होश में आलूँ तो चले जाइयेगा
सुमन: म ... म ...
रफ़ी: आपको दिल में बिठालूँ तो चले जाइयेगा
सुमन: म ... म ...
रफ़ी: आपको दिल में बिठालूँ ...

रफ़ी: कब तलक़ रहियेगा यूँ दूर की चाहत बनके - २
दिल में आ जाइये इक़रार-ए-मुहब्बत बनके
अपनी तक़दीर बना लूँ तो चले जाइयेगा
सुमन: म ... म ...
रफ़ी: आपको दिल में बिठालूँ ...

सुमन: मुझको इक़रार-ए-मुहब्बत पे हया आती है - २
बात कहते हुए गरदन मेरी झुक जाती है
देखिये सर को झुका लूँ तो चले जाइयेगा
रफ़ी: म ... म ...
सुमन: देखिये सर को झुका लूँ तो चले जाइयेगा
रफ़ी: हाय, आपको दिल में बिठालूँ ...

रफ़ी: ऐसी क्या शर्म ज़रा पास तो आने दीजे - २
रुख से बिखरी हुइ ज़ुल्फ़ें तो हटाने दीजे
प्यास आँखों की बुझा लूँ तो चले जाइयेगा
ठहरिये होश में आलूँ तो चले जाइयेगा ...

film: Bemisaal singer: Lata, Suresh Wadkar, Kishore Kumar
lyrics: music: R.D. Burman

कितनी ख़ूबसूरत ये तस्वीर है
मौसम बेमिसाल बेनज़ीर है
ये कशमीर है, ये कशमीर है

पर्वतों के दरमियाँ हैं
जन्नतों की तरमियाँ हैं
आज के दिन हम यहाँ हैं

किसी के हिस्से में जाम आया

मैं इक फ़साना हूँ बेकसी का
ये हाल है मेरी ज़िंदगी का
न हुस्न ही मुझको रास आया
न इश्क़ ही मेरे काम आया
नसीब में ...

बदल गई तेरी मंज़िलें भी
बिछड़ गया मैं भी कारवां से
तेरी मुहब्बत के रास्ते में
न जाने ये क्या मकाम आया
नसीब में ...

तुझे भुलाने कि कोशिशें भी
तमाम नाकाम हो गई हैं
किसी ने ज़िक्र-ए-वफ़ा किया जब
ज़ुबाँ पे तेरा ही नाम आया
नसीब में ...

film: Izzat singer: Rafi
lyrics: Sahir Ludhianvi music: Laxmikant, Pyarelal

क्या मिलिये ऐसे लोगों से, जिनकी फ़ितरत छुपी रहे
नकली चेहरा सामने आए, असली सूरत छुपी रहे

खुद से ही जो खुद को छुपाए, क्या उनसे पहचान करें
क्या उनके दामन से लिपटें, क्या उनका अरमान करें
जिनकी आधी नीयत उभरे, आधी नीयत छुपी रहे,
नकली ...

दिलदारी का ढोंग रचाकर, जाल बिछाए बातों का
जीते जी का रिश्ता कहकर, सुख ढूंढे कुछ रातों का
रूह की हसरत लब पे आए, जिस्म की हसरत छुपी रहे,
नकली ...

film: Pyaasa singer: Rafi
lyrics: Sahir Ludhianvi music: S.D. Burman

ये महलों, ये तख़्तों, ये ताजों की दुनिया
ये इनसां के दुश्मन समाजों की दुनिया - २
ये दौलत के भूखे रिवाज़ों की दुनिया
ये दुनिया अगर मिल भी जाये तो क्या है - २

हर एक जिस्म घायल, हर एक रुह प्यासी
निगाहो में उलझन, दिलों मे उदासी
ये दुनिया है या आलम-ए-बदहवासी
ये दुनिया ...

जहां एक खिलौना है इनसां की हस्ती
ये बस्ती है मुर्दा-परस्तों की बस्ती
जहां और जीवन से है मौत सस्ती
ये दुनिया ...

जवानी भटकती है बेज़ार बनकर
जवां जिस्म सजते है बाज़ार बनकर
जहां प्यार होता है व्यापार बनकर
ये दुनिया ...

ये दुनिया जहां आदमी कुछ नहीं है
वफ़ा कुछ नहीं, दोस्ती कुछ नहीं है - २
जहां प्यार कि कद्र ही कुछ नहीं है
ये दुनिया ...

जला दो, जला दो इसे फूंक डालो ये दुनिया
मेरे सामने से हटा लो ये दुनिया
तुम्हारी है तुम ही सम्भलो ये दुनिया, ये दुनिया ...

film: Phir Wohi Dil Laya Hoon singer: Rafi
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: O.P. Nayyar

लाखों हैं निगाह में, ज़िंदगी की राह में
सनम हसीन जवाँ
होठों में गुलाब है, आँखों में शराब है
लेकिन वो बात कहाँ

(लट है किसी की जादू का जाल
रंग डाले किसी पे किसी का जमाल) - २
तौबा ये निगाहें, के रोकती है राहें
ले लेके तीर कमान

तुम्हारा प्यार ही दे जाये ना कहीं धोखा
दुआ ये है के तुम्हारा खुदा की दुनिया में
मेरे सिवा भी कोई और हो खुदा ना करे
तुम्हारा चाहने वाला ...

ITRANS Song Book: 369.s

film: Maayaa singer: Lata, Rafi
lyrics: Majrooh music: Salil Choudhary

लता: तस्वीर तेरी दिल में, जिस दिन से उतारी है
फिरूँ तुझे संग लेके, नये नये रंग लेके
सपनों की महफ़िल में ...
रफ़ी: तस्वीर तेरी दिल में, जिस दिन से उतारी है
फिरूँ तुझे संग लेके, नये नये रंग लेके
सपनों की महफ़िल में ...
लता: (माथे की बिंदिया तू है सनम
नैनों का कजरा पिया तेरा ग़म) - २
नैन के नीचे नीचे, रहूँ तेरे पीछे पीछे
चलूं किसी मंज़िल में ...
तस्वीर तेरी दिल में ...
रफ़ी: (तुमसे नज़र जब गयी है मिल
जहाँ है कदम तेरे वहीं मेरा दिल) - २
झुके जहाँ पलकें तेरी, खुले जहाँ ज़ुल्फ़ें तेरी
रहूँ उसी मंज़िल में ...
रफ़ी & लता: तस्वीर तेरी दिल में, जिस दिन से उतारी है ...

ITRANS Song Book: 370.s

film: Jewel Thief singer: Kishore Kumar
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: S.D. Burman

ये दिल, ना होता बेचारा
कदम, न होते आवारा
जो खूबसूरत कोई अपना हमसफ़र होता
ओ ओ ओ ये दिल, न होता बेचारा ...

अरे सुना, जब से ज़माने हैं बहार के
हम भी, आये हैं राही बनके प्यार के
कोई न कोई तो बुलायेगा
पड़े हैं हम भी राहों में
ये दिल, न होता बेचारा ...

अरे (माना, उसको नहीं मैं पहचानता
बंदा, उसका पता भी नहीं जानता आ आ) - २
मिलना लिखा है तो आयेगा
पड़े हैं हम भी राहों में
ये दिल, ना होता बेचारा ...

अरे (उसकी, धुन में पड़ेगा दुख झेलना
सीखा, हा हा, हमने भी पत्थरों से खेलना) - २
सूरत कभी तो दिखायेगा
पड़े हैं हम भी राहों में
ये दिल, ना होता बेचारा ...

ITRANS Song Book: 371.s

film: Ganga Jamuna singer: Hemant Kumar
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

इन्साफ़ की डगर पे, बच्चों दिखाओ चल के
ये देश है तुम्हारा, नेता तुम्हीं हो कल के

दुनिया के रंज सहना और कुछ न मुँह से कहना
सच्चाइयों के बल पे आगे को बढ़ते रहना
रख दोगे एक दिन तुम संसार को बदल के
इन्साफ़ की ...

अपने हों या पराए सबके लिये हो न्याय
देखो कदम तुम्हारा हरगिज़ न डगमगाए
रस्ते बड़े कठिन हैं चलना सम्भल-सम्भल के
इन्साफ़ की ...

इन्सानियत के सर पर इज़्ज़त का ताज रखना
तन मन भी भेंट देकर भारत की लाज रखना
जीवन नया मिलेगा अंतिम चिता में जल के,
इन्साफ़ की ...

ITRANS Song Book: 372.s

film: Do Badan singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Ravi

नसीब में जिसके जो लिखा था
वो तेरी महफ़िल में काम आया
किसी के हिस्से में प्यास आई

ये प्रताप का वतन पला है आज़ादी के नारों पे
कूद पड़ी थी यहाँ हज़ारों पद्मिनियाँ अंगारों पे
बोल रही है कण कण से कुरबानी राजस्थान की

देखो मुल्क मराठों का ये यहाँ शिवाजी डोला था
मुग़लों की ताकत को जिसने तलवारों पे तोला था
हर पावत पे आग लगी थी हर पत्थर एक शोला था
बोली हर-हर महादेव की बच्चा-बच्चा बोला था
यहाँ शिवाजी ने रखी थी लाज हमारी शान की
इस मिट्टी से ...

जलियाँ वाला बाग ये देखो यहाँ चली थी गोलियाँ
ये मत पूछो किसने खेली यहाँ खून की होलियाँ
एक तरफ़ बंदूकें दन दन एक तरफ़ थी टोलियाँ
मरनेवाले बोल रहे थे इनक़लाब की बोलियाँ
यहाँ लगा दी बहनों ने भी बाजी अपनी जान की
इस मिट्टी से ...

ये देखो बंगाल यहाँ का हर चप्पा हरियाला है
यहाँ का बच्चा-बच्चा अपने देश पे मरनेवाला है
ढाला है इसको बिजली ने भूचालों ने पाला है
मुट्ठी में तूफ़ान बंधा है और प्राण में ज्वाला है
जन्मभूमि है यही हमारे वीर सुभाष महान की
इस मिट्टी से ...

film: Tere Mere Sapne singer: Kishore, Lata
lyrics: Neeraj music: S.D. Burman

लता:
जीवन की बगिया महकेगी, लहकेगी, चहकेगी
खुशियों की कलियाँ झूमेंगी, झूलेंगी, फूलेंगी
जीवन की बगिया ...
लता:
वो मेरा होगा, वो सपना तेरा होगा
मिलजुल के मांगा, वो तेरा मेरा होगा
जब जब वो मुस्कुराएगा, अपना सवेरा होगा ...
थोड़ा हमारा थोड़ा तुम्हारा,
आयेगा फिर से बचपन हमारा
जीवन की बगिया ...

किशोर:
हम और बंधेंगे, हम तुम कुछ और बंधेंगे
होगा कोई बीच, तो हम तुम और बंधेंगे
बांधेगा धागा कच्चा, हम तुम तब और बंधेंगे ...
थोड़ा हमारा थोड़ा तुम्हारा
आयेगा फिर से बचपन हमारा
जीवन की बगिया ...

लता:
मेरा राजदुलारा, वो जीवन प्राण हमारा
फूलेगा एक फूल, खिलेगा प्यार हमारा
दिन का वो सूरज होगा, रातों का चांद सितारा ...
थोड़ा हमारा थोड़ा तुम्हारा
आयेगा फिर से बचपन हमारा
जीवन की बगिया ...

film: Kahin Din Kahin Raat singer: Mahendra Kapoor, Asha
lyrics: S.H. Bihari music: O.P. Nayyar

(तुम्हारा चाहने वाला खुदा की दुनिया में
मेरे सिवा भी कोई और हो खुदा ना करे) - २
तुम्हारा चाहने वाला ...

ये बात कैसे गवारा करेगा दिल मेरा
तुम्हारा ज़िक्र किसी और की ज़ुबान पे हो
तुम्हारे हुस्न की तारीफ़ आईना भी करे
तो मैं तुम्हारी क़सम है के तोड़ दूँ उसको
तुम्हारे प्यार तुम्हारी अदा का दीवाना
मेरे सिवा भी कोई और हो खुदा ना करे
तुम्हारा चाहने वाला ...

वो दिन ना आये के मुझसे कभी जुदा होकर
किसी का प्यार दोबारा कहीं तलाश करो
झुका के सर को किसी अजनबी के शानों पर
तुम अपने ग़म का सहारा कहीं तलाश करो
करीब दिल के तुम्हारे किसी भी हालत में
मेरे सिवा भी कोई और हो खुदा ना करे
तुम्हारा चाहने वाला ...

आशा: तुम्हारे दिल को कहीं मुझसे कभी ठेस लगे
मुझे यकीन है ऐसा कभी नहीं होगा
मुझे वफ़ाओं पे अपनी बड़ा भरोसा है

मेरे देश में सारे बराबर
हो कुत्ता ?? पे सोए, मानव का घर तो रोए
ज़िंदगी लगती है जाली, हो ज़िंदगी लगती है जाली

film: Kunvaaraa Baap singer: lyrics: music:

चुनरी गोटे में रुपहली गोटे में
सज रही गली मेरी माँ चुनरी गोटे में
सज रही गली मेरी अम्मा चुनरी गोटे में
चुनरी गोटे में रुपहली गोटे में ...

अम्मा तेरे मुन्ने की गजब है बात
ओय चंदा जैसा मुखड़ा किरण जैसे हाथ
सज रही गली मेरी माँ ...

तू माँ का बच्चा हाँ जी
ना बाप न जच्चा हाँ जी
बिन खेत का बंदा हाँ जी
बिन मुरगी अंडा हाँ जी
बिन पहिये गाड़ी हाँ जी
बिन औरत साड़ी हाँ जी
बिन आम कि गुठली हाँ जी
है आम से हमको मतलब गुठली से क्या लेना
मिल जाए माल अपना ?? से क्या लेना
सज रही गली मेरी माँ ...

मैं मंदिर पहुँचा हाँ जी
एक बच्चा देखा हाँ जी
ना कोई आगे हाँ जी
ना कोई पीछे हाँ जी
मैं चौक में आ के हाँ जी
ले चला उठा के हाँ जी
कि माँ को दे दूँ हाँ जी
मंदिर में रख दूँ हाँ जी
बंदे ने देखा हाँ जी
वो ज़ालिम समझा हाँ जी
ये पाप है मेरा हाँ जी
बस मुझको घेरा हाँ जी
फिर पोलीस आई हाँ जी
की लाख दुहाई हाँ जी
वो एक न माना हाँ जी
पड़ गया ले जाना हाँ जी
सोचा ले जाकर हाँ जी
उसे रख दूँ बाहर हाँ जी
बड़ा जतन लगाया हाँ जी
कोई काम न आया हाँ जी
सड़कों पर देखा हाँ जी
गाड़ी में फेंका हाँ जी
बन गया ये बंदा हाँ जी
इस गले का फंदा हाँ जी
मैं फिर भी ?? हाँ जी
कचरे में डाला हाँ जी
फिर बारिश आई हाँ जी
अंधियारी छाई हाँ जी
बिजली जब कड़की हाँ जी
मेरी छाती धड़की हाँ जी
एक तीर सा लागा हाँ जी
मैं वापस भागा हाँ जी
फिर बच्चे को उठाया गले से यूँ लगाया
आगे क्या बोलूँ यारा मैं पापी दिल पे हारा

बेटा तेरे किस्से पे दिल मेरा रो-ए
जिये तेरा मुन्ना ??? ??? ??? हो-ए

सज रही गली मेरी माँ चुनरी गोटे में ...

film: Jaagriti singer: Pradeep
lyrics: Pradeep music: Hemant Kumar

आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झाँकी हिंदुस्तान की
इस मिट्टी से तिलक करो ये धरती है बलिदान की
वंदे मातरम ...

उत्तर में रखवाली करता पर्वतराज विराट है
दक्षिण में चरणों को धोता सागर का सम्राट है
जमुना जी के तट को देखो गंगा का ये घाट है
बाट-बाट पे हाट-हाट में यहाँ निराला ठाठ है
देखो ये तस्वीरें अपने गौरव की अभिमान की,
इस मिट्टी से ...

ये है अपना राजपूताना नाज़ इसे तलवारों पे
इसने सारा जीवन काटा बरछी तीर कटारों पे

किसी शायर से पूछो, गज़ल हो या रुबाई
भरी है शायरी में, तुम्हारी बेवफ़ाई
हो ! दामन में तेरे फूल हैं कम, और काँटें हैं ज़्यादा
वादा तेरा वादा, वादा तेरा वादा - (२)
वादे पे तेरे मारा गया, बन्दा मैं सीधा साधा
वादा तेरा वादा, वादा तेरा वादा - (२)

तराने जानती है, फ़साने जानती है
कई दिल तोड़ने के, बहाने जानती है
कहीं पे सोज़ है तू, कहीं पे साज़ है तू
जिसे समझा ना कोई, वही एक राज़ है तू
कभी तू रूठ बैठी, कभी तू मुस्कराई, अरे !
किसी से की मोहब्बत, किसी से बेवफ़ाई ! - (२)
उड़ाए होश तौबा, तेरी आँखें शराबी - (२)
ज़माने में हुई है, इन्हीं से हर खराबी
बुलाए छाँव कोई, पुकारे धूप कोई
तेरा हो रंग कोई, तेरा हो रूप कोई
हो ! कुछ फर्क नहीं नाम तेरा, रज़िया हो या राधा !!
वादा तेरा वादा, वादा तेरा वादा - (२)
वादे पे तेरे मारा गया, बन्दा मैं सीधा साधा
वादा तेरा वादा, वादा तेरा वादा - (२)

film: Ek Musaafir Ek Haseena singer: Rafi
lyrics: Raja Mehdi Ali Khan music: O.P. Nayyar

... आपका मुस्कराना
मुझे देखकर आपका मुस्कराना
मुहब्बत नहीं है तो फिर और क्या है
हो ... मुझे देखकर आपका मुस्कराना

ओ हो हो ...
मुझे तुम बेगाना कह लो या के दीवाना
मगर ये दीवाना जाने दिल का फ़साना
बनावट में दिल की हक़ीक़त चुपाना
मुहब्बत नहीं है तो फिर और क्या है
हो ... मुझे देखकर आपका मुस्कराना

ओ हो हो ...
खयालों में खोयी खोयी रहती हो ऐसे
मुसाफ़िर की चलती फिरती तसवीर जैसे
अदा आशिक़ी की नज़र शायराना
मुहब्बत नहीं है तो फिर और क्या है
हो ... मुझे देखकर आपका मुस्कराना

film: Toote Khilaune singer: Yesudas
lyrics: music: Bappi Lahiri

माना हो तुम, बेहद हंसीं
ऐसे बुरे, हम भी नहीं
देखो कभी तो, प्यार से
डरते हो क्यूँ, इक़रार से

खुलता नहीं, कुछ दिलरुबा
तुम हमसे खुश हो, या हो खफ़ा
तिरछी नज़र, तीखी अदा
लगते हो क्यूँ, बेज़ार से
देखो कभी तो, प्यार से ...

तुम दो कदम, दो साथ अगर
आसान हो जाये सफ़र
छोड़ो भी ये, दुनिया का डर
तोड़ो न दिल यूँ, इनकार से
देखो कभी तो, प्यार से ...

film: Kunvaaraa Baap singer: Kishore lyrics: music:

मैं हूँ घोड़ा, ये है गाड़ी, मेरी रिक्शा सब से निराली
ना गोरी है ना ये काली, हो हो हो हो हो हो
घर तक पहुंचा देने वाली ...

एक रुपैया भाड़ा, पैसेंजर इतना जाड़ा
मला नाको रे नाको रे नाको रे
हो दुबला पतला चलेगा, आड़ा तिरछा चलेगा
साला हो या हो वो साली, याने की आधी घरवाली
एक दिखाकर बीड़ी, रुकवा दी चार गाड़ी
अरे पैसे का खेला है खीला
हो जो मरज़ी है करा लो, पाकिट से नोट निकालो
फिर ले जाओ जेब खाली, बाज़ू हट बुर्के वाली
हम आज़ाद हैं मिस्टर, क्या इनसान और क्या जानवर

सकळ तिरथ तेना तन मान रे
वैश्णव जन तो तेने कहिये जे ...

वण-लोभी ने कपट-रहित छे
काम-क्रोध निवार्या रे
भणे नरसैय्यो तेनुन दर्शन कर्ता
कुळ एकोतेर तारया रे
वैश्णव जन तो तेने कहिये जे ...

film: non-film singer: Jagjit, Chitra Singh
lyrics: music: Jagjit Singh

सरकती जाये है रुख से नक़ाब आहिस्ता आहिस्ता
निकलता आ रहा है आफ़ताब आहिस्ता आहिस्ता

जवां होने लगे जब वो तो हमसे कर लिया परदा
हया यकलख़्त आई और शबाब आहिस्ता आहिस्ता

सवाल-ए-वसल पे उनको उदू का खौफ़ है इतना
दबे होंठों से देते हैं जवाब आहिस्ता आहिस्ता

हमारे और तुम्हारे प्यार में बस फ़र्क है इतना
इधर तो जल्दी-जल्दी है उधर आहिस्ता आहिस्ता

वो बेदर्दी से सरका दें अमीर और मैं कहूँ उनसे
हुज़ूर आहिस्ता आहिस्ता जनाब आहिस्ता आहिस्ता

film: Son of India singer: Shanti Maa (??)
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

नन्हा मुन्ना राही हूँ, देश का सिपाही हूँ
बोलो मेरे संग, जय हिंद, जय हिंद, जय हिंद ...

रस्ते पे चलूंगा न डर-डर के
चाहे मुझे जीना पड़े मर-मर के
मंज़िल से पहले ना लूंगा कहीं दम
आगे ही आगे बढ़ाउंगा कदम
दाहिने बाएं दाहिने बाएं, थम! नन्हा ...

धूप में पसीना बहाउंगा जहां
हरे-भरे खेत लहराएंगे वहां
धरती पे फ़ाके न पाएंगे जनम
आगे ही आगे ...

नया है ज़माना मेरी नई है डगर
देश को बनाउंगा मशीनों का नगर
भारत किसी से न रहेगा कम
आगे ही आगे ...

बड़ा हो के देश का सितारा बनूंगा
दुनिया की आँखों का तारा बनूंगा
रखूंगा ऊंचा तिरंगा हरदम
आगे ही आगे ...

शांति कि नगरी है मेरा ये वतन
सबको सिखाऊंगा प्यार का चलन
दुनिया में गिरने न दूंगा कहीं बम
आगे ही आगे ...

film: Dushman singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

हाँ ..., सच्चाई छुप नहीं सकती, बनावट के उसूलों से
कि खुशबू आ नहीं सकती, कभी कागज़ के फूलों से !

मैं इन्तज़ार करूँ, ये दिल निसार करूँ
मैं तुझसे प्यार करूँ, ओ मगर कैसे ऐतबार करूँ ?
झूठा है तेरा वादा !
वादा तेरा वादा, वादा तेरा वादा - (२)
वादे पे तेरे मारा गया, बन्दा मैं सीधा साधा
वादा तेरा वादा, वादा तेरा वादा - (२)

तुम्हारी ज़ुल्फ़ है या, सड़क का मोड़ है ये ?
तुम्हारी आँख है या, नशे का तोड़ है ये?
कहा कब क्या किसी से, तुम्हें कुछ याद नहीं
हमारे सामने है, हमारे बाद नहीं
किताब-ए-हुस्न में तो, वफ़ा का नाम नहीं, अरे !
(मोहब्बत तुम करोगी ? तुम्हारा काम नहीं !) - (२)
अकड़ती खूब हो तुम, मेरी महबूब हो तुम - (२)
निगाह-ए-गैर से भी, मगर मनसूब हो तुम

film: Mirza Ghalib singer: Talat, Suraiyya
lyrics: Mirza Ghalib music: Ghulam Mohammad

दिल-ए-नादां तुझे हुआ क्या है
आख़िर इस दर्द की दवा क्या है

हम हैं मुश्ताक़ और वो बेज़ार
या इलाही, ये माजरा क्या है

मैं भी मुह में ज़ुबान रखता हूँ
काश पूछो की मुद्द क्या है

जबकि तुझ बिन नहीं कोई मौजूद
फिर ये हंगामा ऐ ख़ुदा क्या है

ये परी-चेहरा लोग कैसे हैं
ग़मज़ा-ओ-उश्वा-ओ-अदा क्या है

शिकने-ज़ुलफ़े-अमबरी क्या है
निगाहे-चश्मे-सुरम सा क्या है

सब्ज़-ओ-गुल कहाँ से आये हैं
अब्र क्या चीज़ है, हवा क्या है

हमको उनसे वफ़ा कि है उम्मीद
जो नहीं जानते वफ़ा क्या है

हाँ भला कर, तेरा भला होगा
और दरवेश की सदा क्या है

जान तुम पर निसार करता हूँ
मैं नहीं जानता दुआ क्या है

मैने माना कि कुछ नहीं " ग़ालिब"
मुफ़्त हाथ आये, तो बुरा क्या है

film: singer: Jagjit Singh
lyrics: Dr. Rahi Masoom Reza music:

हम तो हैं परदेस में, देस में निकला होगा चांद - २
अपनी रातकी छत पर कितना, तनहा होगा चांद हो ओ ओ
हम तो हैं परदेस में, देस में निकला होगा चांद ...

जिन आँखों में काजल बन कर तैरी काली रात हो - २
उन आँखों में आँसू का एक कतरा होगा चांद हो
हम तो हैं परदेस में, देस में निकला होगा चांद ...

रात ने ऐसा पेच लगाया, टूटी हाथ से डोर हो - २
आँगन वाले नीम में जाकर अटका होगा चांद हो
हम तो हैं परदेस में, देस में निकला होगा चांद ...

चांद बिना हर दिन यूँ बीता जैसे युग बीतें हो - २
मेरे बिना किस हाल में होगा, कैसा होगा चांद हो
हम तो हैं परदेस में, देस में निकला होगा चांद ...
अपनी रातकी छत पर कितना, तनहा होगा चांद हो ओ ओ
हम तो हैं परदेस में, देस में निकला होगा चांद ...

वैश्णव जन तो तेने कहिये जे
पीड़ परायी जाणे रे
पर-दुख्खे उपकार करे तोये
मन अभिमान ना आणे रे
वैश्णव जन तो तेने कहिये जे ...

सकळ लोक मान सहुने वंदे
नींदा न करे केनी रे
वाच काछ मन निश्चळ राखे
धन-धन जननी तेनी रे
वैश्णव जन तो तेने कहिये जे ...

सम-द्रिष्टी ने तृष्णा त्यागी
पर-स्त्री जेने मात रे
जिह्वा थकी असत्य ना बोले
पर-धन नव झाली हाथ रे
वैश्णव जन तो तेने कहिये जे ...

मोह-माया व्यापे नही जेने
द्रिढ़ वैराग्य जेना मन मान रे
राम नाम सुन ताळी लागी

नहीं चैन पड़े जब रैन पड़े

माना तू सारे हसीनों से हंसीं है - २
अपनी भी सूरत बुरी तो नहीं है - २
कभी तू भी
ओ कभी तू भी हमारा दीदार कर ले
झूठा ही सही

ITRANS Song Book: 353.s

film: Hip Hip Hurray singer: Bhupinder, Asha Bhonsle
lyrics: Gulzar music: Vanraj Bhatia

जब कभी मुड़के देखता हूँ मैं
तुम भी कुछ अजनबी सी लगती हो
मै भी कुछ अजनबी सा लगता हूँ

साथ ही साथ चलते चलते कहीं
हाथ छूटे मगर पता ही नहीं
आँसुओं से भरी सी आँखों में
डूबी डूबी हुई सी लगती हो
तुम बहुत अजनबी सी लगती हो
जब कभी मुड़के देखता हूँ मैं

हम जहाँ थे वहाँ पे अब तो नहीं
पास रहने का भी सबब तो नहीं
कोइ नाराज़गी नहीं है मगर
फिर भी रूठी हुई सी लगती हो
तुम भी अब अजनबी सी लगती हो
जब कभी मुड़के देखता हूँ मैं

रात उदास नज़्म लगती है
ज़िंदगी से रस्म लगती है
एक बीते हुए से रिश्ते की
एक बीती घड़ी से लगते हो
तुम भी अब अजनबी से लगते हो
जब कभी मुड़के देखता हूँ मैं

ITRANS Song Book: 354.s

film: Phir Subah Hogi singer: Asha
lyrics: Sahir Ludhianvi music: Khayyam

दो बूंदे सावन की हाय दो बूंदे सावन की
एक सागर की सीप में टपके और मोती बन जाये
दूजी गंदे जल में गिरकर अपन आप गवाये
किसको मुजरिम समझे कोई किसको दोष लगाये
दो बूंदे सावन की

दो कलियाँ गुलशन की हाय दो कलियाँ गुलशन की
एक सेहरे के बीच गुंधे और मन ही मन इतराये
एक अर्थी के भेंट चढ़े और धूलि मे मिल जाये
किसको मुजरिम समझे कोई किसको दोष लगाये - २
दो कलियाँ सावन की

दो सखियाँ बचपन की हाय दो सखियाँ बचपन की
एक सिंहासन पर बैठे और रूपमती कहलाये
दूजी अपने रूप के कारण गलियों मे बिक जाये
किसको मुजरिम समझे कोई किसको दोष लगाये
दो सखियाँ बचपन की

ITRANS Song Book: 355.s

film: Chhoti Si Baat singer: Lata
lyrics: Yogesh music: Salil Chowdhary

न जाने क्यूँ, होता है ये ज़िंदगी के साथ
अचानक ये मन
किसी के जाने के बाद, करे फिर उसकी याद
छोटी छोटी सी बात, न जाने क्यूँ

वो अंजान पल
ढल गये कल, आज वो
रंग बदल बदल, मन को मचल मचल
रहें, न चल न जाने क्यूँ, वो अंजान पल
तेरे बिना मेरे नैनों मे
टूटे रे हाय रे सपनों के महल
न जाने क्यूँ, होता है ये ज़िंदगी के साथ ...

वही है डगर
वही है सफ़र, है नहीं
साथ मेरे मगर, अब मेरा हमसफ़र
ढूंढे नज़र न जाने क्यूँ, वही है डगर
कहाँ गई शामें मदभरी
वो मेरे, मेरे वो दिन गये किधर
न जाने क्यूँ, होता है ये ज़िंदगी के साथ ...

चिंगारी कोई भड़के, तो सावन उसे बुझाये
सावन जो अगन लगाये, उसे कौन बुझाये,
ओ... उसे कौन बुझाये

पतझड़ जो बाग उजाड़े, वो बाग बहार खिलाये
जो बाग बहार में उजड़े, उसे कौन खिलाये
ओ... उसे कौन खिलाये

हमसे मत पूछो कैसे, मंदिर टूटा सपनों का - (२)
लोगों की बात नहीं है, ये किस्सा है अपनों का
कोई दुश्मन ठेस लगाये, तो मीत जिया बहलाये
मन मीत जो घाव लगाये, उसे कौन मिटाये

न जाने क्या हो जाता, जाने हम क्या कर जाते - (२)
पीते हैं तो ज़िन्दा हैं, न पीते तो मर जाते
दुनिया जो प्यासा रखे, तो मदिरा प्यास बुझाये
मदिरा जो प्यास लगाये, उसे कौन बुझाये
ओ... उसे कौन बुझाये

माना तूफ़ाँ के आगे, नहीं चलता ज़ोर किसीका - (२)
मौजों का दोष नहीं है, ये दोष है और किसी का
मजधार में नैया डोले, तो माझी पार लगाये
माझी जो नाव डुबोये, उसे कौन बचाये
ओ... उसे कौन बचाये

चिंगारी ...

film: Abhiman singer: Kishore
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: S.D. Burman

मीत न मिला रे मन का - (२)
कोई तो मिलन का
कोई तो मिलन का, करो रे उपाय
मीत न...

चैन नहीं बाहर, चैन नहीं घर में
मन मेरा धरती पर, और कभी अंबर में
उसको ढूँढा, हर डगर में, हर नगर में
गली गली देखा नयन उठाये
मीत न...

रोज़ मैं अपने ही, प्यार को समझाऊँ
वो नहीं आयेगा, मान नहीं पाऊँ
शाम ही से प्रेम दीपक, मैं जलाऊँ
फिर वोही दीपक, दूँ मैं बुझाये
मीत न...

देर से मन मेरा, आस लिये डोले - (२)
प्रीत भरी बानी, राग मेरा बोले
कोई सजनी, एक खिड़की भी न खोले
लाख तराने, कहा मैं सुनाये
मीत न...

film: Johny Mera Naam singer: Kishore
lyrics: Indeevar music: Kalyanji, Anandji

पल भर के लिये कोई हमें प्यार कर ले
झूठा ही सही
दो दिन के लिये कोई इक़रार कर ले
झूठा ही सही
पल भर ...

हमने बहुत तुझको छुप छुपके देखा - २
दिल पे खींची है तेरे काजल की रेखा
काजल कि रेखा बनी लछमन की रेखा
हो हो हो हो काजल की रेखा ...
राम में क्यूँ तूने रावण को देखा - २
खड़े खिड़की पे ए ए ए ए ए ए
खड़े खिड़की पे जोगी स्वीकार कर ले
झूठा ही सही
पल भर ...

हेमा: ला ला ला ... प्यार कर ले
किशोर: झूठा ही सही
(धीरे से जड़े तेरे नैन बड़े,
जिस दिन से लड़े तेरे दर पे पड़े) - २
सुन सुनकर तेरी नहीं नहीं
जाँ ...
अपनी निकल जाये ना कहीं
ज़रा हाँ कह दे मेरी जाँ कह दे
मेरी जाँ कह दे ज़रा हाँ कह दे
जब रैन पड़े नहीं चैन पड़े

थाम ले दूसरा कोई दामन
ज़िंदगानी कि राहें अजब हैं
हो अकेला है तो लाखों हैं दुश्मन
हाँ बड़े धोखे हैं ...

ITRANS Song Book: 348.s

film: Anadi singer: Mukesh
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

किसीकी मुस्कुराहटों पे हो निसार
किसीका दर्द मिल सके तो ले उधार
किसीके वास्ते हो तेरे दिल में प्यार
जीना इसी का नाम है
किसीकी ...

(माना अपनी जेब से फ़कीर हैं
फिर भी यारों दिल के हम अमीर हैं) - (२)
मिटे जो प्यार के लिये वो ज़िन्दगी
जले बहार के लिये वो ज़िन्दगी
किसी को हो न हो हमें तो ऐतबार
जीना इसी का नाम है

(रिश्ता दिल से दिल के ऐतबार का
ज़िन्दा है हमीं से नाम प्यार का) - (२)
के मर के भी किसी को याद आयेंगे
किसी के आँसुओं में मुस्कुरायेंगे
कहेगा फूल हर कली से बार बार
जीना इसी का नाम है

ITRANS Song Book: 349.s

film: Jhumroo singer: Kishore
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: Kishore Kumar

ओडी डुरुडुरु डोरुडोरु डेई
उड्डु डुड्डु डेई डी

मैं हूँ झुम झुम झुम झुम झुमरू
फ़क्कड़ घुम घुम बनके घुमरू
मैं ये प्यार का गीत सुनाता चला
ओ मंज़िल पे मेरी नज़र, मैं दुनिया से बेखबर
बीती बातों पे धूल उड़ाता चला
मैं हूँ झुम झुम झुम झुम ...

हेई डिरिडिरि डिरिडिरि पक्कुर...
युडडेई बगायों का बागा
हेई डिरिडिरि डिरिडिरि पक्कुर...
मिनिमिनि मिनिमिनि आव
युडडेई बगायों का बागा
एई डुरुडुरु डोरुडोरु डुरुडुरु ओडु डेयी
[that's the main part of the song. How can I leave it? :-)]

मैं हूँ झुम झुम झुम झुम झुमरू
फ़क्कड़ घुम घुम बनके घुमरू
साथ में हमसफ़र न कोई कारवां
ओ भोला भाला सीधा सादा,
लेकिन दिल का हूँ शहज़ादा
है ये मेरी ज़मीं ये मेरा आसमां
[yodelling again]

मैं हूँ झुम झुम झुम झुम झुमरू
फ़क्कड़ घुम घुम बनके घुमरू
मेरे दिल में है प्यार हर किसी के लिये
ओ मुझको प्यारा हर इनसान, दिलवालों पे हूँ क़ुरबान
ज़िन्दगी है मेरी ज़िन्दगी के लिये

येडिलि युडिलि ओ हो युडिलि येडिलि ओ
अडिलि युडिलि ओ हो युडिलि युडिलि ओ
[some stuff like that]

ITRANS Song Book: 350.s

film: Amar Prem singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

आनंद बाबू : रो मत पुश्पा, आज तुम जो हो जिस जगह हो, तुम्हारे आँख के पानी **saline water, I mean** नमकीन पानी के अलावा कुछ नहीं है. इसलिये इन्हें पोंछ डालो पुश्पा, **I hate tears.**
पुश्पा : हाँ आनंद बाबू आप ठीक कहते हैं। बैठिये।
आनंद बाबू : छोड़ो पुश्पा, चलो आज कहीं बाहर चलते हैं। ढूँढें कोई ऐसी जगह जहाँ थोड़ी देर के लिये ही सही कुछ याद न आये, न तुम्हें न मुझे।

अश्कों से भीगी चांदनी में
इक सदा सी सुनोगे चलते चलते
वहीं पे कहीं, वहीं पे कहीं हम
तुमसे मिलेंगे, बन के कली बन के सबा बाग़े वफ़ा में ...

रहें ना रहें हम, महका करेंगे ...

ITRANS Song Book: 345.s

film: Aarti singer: Rafi or Lata
lyrics: Majrooh music: Roshan

आपने याद दिलाया तो मुझे याद आया
के मेरे दिल पे पड़ा था कोई ग़म का साया
आपने याद दिलाया ...

मैं भी क्या चीज़ हूँ खाया था कभी तीर कोई
दर्द अब जा के उठा चोट लगे देर हुई
तुमको हमदर्द जो पाया तो मुझे याद आया
के मेरे दिल पे पड़ा था कोई ग़म का साया ...

मैं ज़मीं पर हूँ न समझा न परखना चाहा
आसमां पर ये कदम झूम के रखना चाहा
आज जो सर को झुकाया तो मुझे याद आया
के मेरे दिल पे पड़ा था कोई ग़म का साया ...

लता:
मैने भी सोच लिया साथ निभाने के लिये
दूर तक आऊंगी मैं तुमको मनाने के लिये
दिल ने एहसास दिलाया तो मुझे याद आया
के मेरे दिल पे पड़ा था कोई ग़म का साया ...

ITRANS Song Book: 346.s

film: Ijaazat singer: Asha
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

मेरा कुछ सामान तुम्हारे पास पड़ा है - २
ओ ओ ओ ! सावन के कुछ भीगे भीगे दिन रखे हैं
और मेरे एक खत में लिपटी रात पड़ी है
वो रात भुला दो, मेरा वो सामान लौटा दो - २
मेरा कुछ सामान तुम्हारे पास पड़ा है - २

पतझड़ है कुछ ... है ना ?
ओ ! पतझड़ में कुछ पत्तों के गिरने की आहट
कानों में एक बार पहन के लौट आई थी
पतझड़ की वो शाख अभी तक कांप रही है
वो शाख गिरा दो, मेरा वो सामान लौटा दो - २

एक अकेली छतरी में जब आधे आधे भीग रहे थे - २
आधे सूखे आधे गीले, सुखा तो मैं ले आयी थी
गीला मन शायद बिस्तर के पास पड़ा हो !
वो भिजवा दो, मेरा वो सामान लौटा दो

एक सौ सोला चांद कि रातें एक तुम्हारे कांधे का तिल - २
गीली मेंहदी कि खुशबू, झुठ-मूठ के शिकवे कुछ
झूठ-मूठ के वादे सब याद करा दूँ
सब भिजवा दो, मेरा वो सामान लौटा दो - २

एक इजाज़त दे दो बस, जब इसको दफ़नाऊँगी
मैं भी वहीं सो जाऊंगी
मैं भी वहीं सो जाऊंगी

ITRANS Song Book: 347.s

film: Aar Paar (1954) singer: Geeta Dutt
lyrics: Majrooh music: O.P. Nayyar

बाबूजी धीरे चलना
प्यार में ज़रा सम्भलना
हाँ बड़े धोखे हैं
बड़े धोखे हैं इस राह में, बाबूजी ...

क्यूँ हो खोये हुये सर झुकाये
जैसे जाते हो सब कुछ लुटाये
ये तो बाबूजी पहला कदम है
नज़र आते हैं अपने पराये
हाँ बड़े धोखे हैं ...

ये मुहब्बत है ओ भोलेभाले
कर न दिल को ग़मों के हवाले
काम उलफ़त का नाज़ुक बहुत है
आके होंठों पे टूटेंगे प्याले
हाँ बड़े धोखे हैं ...

हो गयी है किसी से जो अनबन

(आँखों से आँखें मिलती हैं जैसे
बेचैन होके तूफ़ाँ में जैसे) - (२)
मौज कोई साहिल से टकराये - ए - ए - ए ...
रूप तेरा मस्ताना, प्यार मेरा दीवाना
भूल कोई हमसे ना हो जाये

(रोक रहा है हमको ज़माना
दूर ही रहना पास ना आना) - (२)
कैसे मगर कोई दिल को समझाये - ए - ए - ए ...
रूप तेरा मस्ताना, प्यार मेरा दीवाना
भूल कोई हमसे ना हो जाये

film: Door Ka Raahi singer: Kishore
lyrics: music: Kishore Kumar

पंथी हूँ मैं उस पथ का
अंत नहीं जिसका
आस मेरी है जिसकी दिशा
आधार मेरे मन का

संगी साथी मेरे
अंधियारे उजियारे
मुझको राह दिखायें
पलछिन के फुलझारे
पथिक मेरे पथ के सब तारे
और नीला आकाश
पंथी ...

इस पथ पर देखे कितने
सुख दुख के मेले
फूल चुने कभी खुशियों के
कभी काटों से खेले
जाने कब तक चलना है
मुझे इस जीवन के साथ
पंथी ...

film: Saajan singer: lyrics: music:

(मेरा दिल भी कितना पागल है
ये प्यार जो तुम से करता है) - २

पर सामने जब तुम आते हो, कुछ भी कहने से डरता है
ओ मेरे साजन, ओ मेरे साजन, साजन साजन, मेरे साजन ...

मेरा दिल भी कितना पागल है ...

कितना इसको समझाता हूँ, कितना इसको बहलाता हूँ -२
नादां है कुछ न समझता है, दिन रात ये आहें भरता है ...

मेरा दिल भी कितना पागल है ...

हर पल मुझको तड़पाता है, मुझे सारी रात जगाता है -२
इस बात कि तुमको खबर नहीं, ये सिर्फ़ तुम्ही पे मरता है

मेरा दिल भी कितना पागल है ...

film: Mamta singer: Lata lyrics: Majrooh music: Roshan

रहें ना रहें हम, महका करेंगे
बन के कली, बन के सबा, बाग़े वफ़ा में ...

मौसम कोई हो इस चमन में
रंग बनके रहेंगे इन फ़िज़ा में
चाहत की खुशबू, यूँ ही ज़ुल्फ़ों
से उड़ेगी, खिज़ायों या बहारें
यूँही झूमते, युहीं झूमते और
खिलते रहेंगे, बन के कली बन के सबा बाग़ें वफ़ा में
रहें ना रहें हम ...

खोये हम ऐसे क्या है मिलना
क्या बिछड़ना नहीं है, याद हमको
गुंचे में दिल के जब से आये
सिर्फ़ दिल की ज़मीं है, याद हमको
इसी सरज़मीं, इसी सरज़मीं पे
हम तो रहेंगे, बन के कली बन के सबा बाग़े वफ़ा में
रहें ना रहें हम ...

जब हम न होंगे तब हमारी
खाक पे तुम रुकोगे चलते चलते

प्यार कर लिया तो क्या प्यार है खता नहीं - (२)
तेरी मेरी उम्र में किसने ये किया नहीं
प्यार कर लिया तो क्या प्यार है खता नहीं

ITRANS Song Book: 339.s

film: Aradhana singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: S.D. Burman

मेरे सपनों की रानी कब आयेगी तू
आई रुत मस्तानी कब आयेगी तू
बीती जाये ज़िंदगनी कब आयेगी तू
चली आ, आ तू चली आ ...

फूल सी खिल के, पास आ दिल के
दूर से मिल के, चैन ना आये
और कब तक मुझे तड़पायेगी तू
मेरे सपनों की रानी कब आयेगी तू ...

प्यार की कलियाँ, बागों की गलियाँ
सब रंगरलियाँ, पूछ रहीं हैं
गीत पनघट पे किस दिन गायेगी तू
मेरे सपनों की रानी कब आयेगी तू ...

क्या है भरोसा, आशिक़ दिल का
और किसी पे, ये आ जाये
आ गया तो बहुत पछतायेगी तू
मेरे सपनों की रानी कब आयेगी तू
आई रुत मस्तानी कब आयेगी तू
बीती जाये ज़िंदगानी कब आयेगी तू
चली आ, आ तू चली आ ...

ITRANS Song Book: 340.s

film: Aradhana singer: Kishore, Lata
lyrics: Anand Bakshi music: S.D. Burman

कि: कोरा कागज़ था ये मन मेरा
लिख लिया नाम इस पे तेरा
ल: सूना आंगन था जीवन मेरा
बस गया प्यार जिस पे तेरा

कि: (टूट ना जाये सपने मैं डरता हूँ
नित दिन सपनों में देखा करता हूँ) - २
नैना कजरारे मतवारे ये इशारे
खाली दरपन था ये मन मेरा
रच गया रूप इस में तेरा

ल: कोरा कागज़ था ये मन मेरा
लिख लिया नाम इस पे तेरा

ल: चैन गंवाया मैने निंदिया गंवाई
सारी सारी रात जागूं दूँ मैं दुहाई
कहूँ क्या मैं आगे नेहा लागे जी ना लागे
कोई दुश्मन था ये मन मेरा
बन गया मीत जा के तेरा

कि: कोरा कागज़ था ये मन मेरा
लिख लिया नाम इस पे तेरा

कि: बागों में फूलों के खिलने से पहले
ल: तेरे मेरे नैनों के मिलने से पहले
कि: कहां की ये बातें
ल: मुलाकातें
कि: ऐसी रातें
ल: टूटा तारा था ये मन मेरा
कि: बन गया चांद होके तेरा

कि, ल: कोरा कागज़ था ये मन मेरा
लिख लिया नाम इस पे तेरा

ITRANS Song Book: 341.s

film: Aradhana singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: S.D. Burman

रूप तेरा मस्ताना, प्यार मेरा दीवाना
भूल कोई हमसे ना हो जाये

(रात नशीली मस्त समा है
आज नशे में सारा जहाँ हैं) - (२)
आये शराबी मौसम बहकाये - ए - ए - ए ...
रूप तेरा मस्ताना, प्यार मेरा दीवाना
भूल कोई हमसे ना हो जाये

स: **come on! good!**
ल, प: ला ला ला ला ला ला

film: Chalti Ka Naam Gaadi singer: Kishore
lyrics: Majrooh music: S.D. Burman

मैं सितारों का तराना, मैं बहारों का फ़साना
लेके इक अंगड़ाई मुझ पे, डाल नज़र बन जा दीवाना

रूप का तुम हो खज़ाना, तुम हो मेरी जाँ ये माना
लेकिन पहले दे दो मेरा, पांच रुपैया बारा आना
पांच रुपैया, बारा आना-आआ ...
मारेगा भैया, ना ना ना ना-आआ ...

माल ज़र, भूलकर, दिल जिगर हमसे निशानी मांगो ना
दिलरुबा, क्या कहा, दिल जिगर क्या है जवानी मांगो ना
तेरे लिये मजनू बन सकता हूँ
लैला लैला कर सकता हूँ
चाहे नमूना देख लो -- हाय
खून-ए-दिल पीने को और लक़्त-ए-जिगर खाने को
ये गिज़ा मिलती है लैला - (२)
तेरे दीवाने को - (२)

ओ हो हो जोश-ए-उल्फ़त का ज़माना, लागे है कैसा सुहाना
लेके इक अंगड़ाई मुझ पे, डाल नज़र बन जा दीवाना

मानता हूँ है सुहाना, जोश-ए-उल्फ़त का ज़माना
लेकिन पहले दे दो मेरा, पांच रुपैया बारा आना

ग़म भुला, साज उठा, राग मेरे रूप के तू गाये जा
ऐ दिलरुबा, होय दिलरुबा, हाँ इसी अंदाज़ से फ़रमाये जा
गीत सुना सकता हूँ दादरा
गिनकर पूरे बारा मातरा
चाहे नमूना देख लो -- हाय
धीरे से जाना बगियन में, धीरे से जाना बगियन में
रे भँवरा, धीरे से जाना बगियन में
होय लल्ला ढींग लल्ला - (२)

ओ हो हो तू कला का है दीवाना कम है क्या तुझको बहाना
लेके इक अंगड़ाई मुझ पे, डाल नज़र बन जा दीवाना

हाँ ये अच्छा है बहाना मैं कला का हूँ दीवाना
लेकिन पहले दे दो मेरा, पांच रुपैय्या बारा आना

बेखबर, प्यार कर, धन की दुनिया क्या है ढलती छाया है
हाय हाय हाय दिलरुबा, सच कहा सांच तेरा प्यार बाकी माया है
तेरे लिये जोगी बन सकता हूँ
जंगल जंगल फिर सकता हूँ
चाहे नमूना देख लो -- हाय
बममुकच ए बिन बममुकच ए बिन बममुकच ए बिन बममुकच
(तेरी गठरी में लागा चोर मुसाफ़िर
जाग ज़रा तू जाग ज़रा) - (२)

ओ हो हो मैं हूँ तेरी जान-ए-जाना आ मुझी से लव लगाना
लेके इक अंगड़ाई मुझ पे, डाल नज़र बन जा दीवाना

जै गुरू मैने ये माना तू है मेरि जान-ए-जाना
लेकिन पहले दे दो मेरा - यक दुइ तीन चार पांच
पांच रुपैया बारा आना ...

film: Kabhi Kabhi singer: Kishore
lyrics: Sahir music: Khayyam

प्यार कर लिया तो क्या प्यार है खता नहीं - (२)
तेरी मेरी उम्र में किसने ये किया नहीं
प्यार कर लिया तो क्या प्यार है खता नहीं

तेरे होंठ मेरे होंठ मिल गये तो क्या हुआ - (२)
दिल की तरह जिस्म भी मिल गये तो क्या हुआ - (२)
इससे पहले क्या कभी ये सितम हुआ नहीं
प्यार कर लिया तो क्या प्यार है खता नहीं

(मैं भी होशमंद हूँ तू भी होशमंद है
उस तरह जियेंगे हम जिस तरह पसंद है) - (२)
उनकी बात क्यूँ सुनें जिनसे वास्ता नहीं
प्यार कर लिया तो क्या प्यार है खता नहीं

(रस्म क्या रिवाज़ क्या धर्म क्या समाज क्या
दुश्मनों का खौफ़ क्यूँ दोस्तों की लाज नहीं) - (२)
ये वो शोख है कि जिससे कोई भी बचा नहीं

मुझे घेर लेते, हैं बाहों के साये - (२)

पहाड़ों को चंचल, किरन चूमती है - (२)
हवा हर नदी का बदन चूमती है - (२)
यहां से वहां तक, हैं चाहों के साये - (२)
ये दिल और उनकी निगाहों के साये ...

लिपटते ये पेड़ों से, बादल घनेरे - (२)
ये पल पल उजाले, ये पल पल अंधेरे - (२)
बहुत ठंडे ठंडे, हैं राहों के साये - (२)
ये दिल और उनकी निगाहों के साये ...

धड़कते हैं दिल कितनी, आज़ादियों से - (२)
बहुत मिलते जुलते, हैं इन वादियों से - (२)
मुहब्बत की रंगीं पनाहों के साये - (२)
ये दिल और उनकी निगाहों के साये ...

film: Ek Dujhe Ke Liye singer: Lata, S.P. Balasubramaniam
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

स: मेरे जीवन साथी, प्यार किये जा
ल: वाह! वाह!
स: हाँ हाँ ! मेरे जीवन साथी, प्यार किये जा
जवानी दीवानी
ल: ओ ओ!
स: खूबसुरत, ज़िद्दी पड़ोसन
सत्यम शिवम सुंदरम, सत्यम शिवम सुंदरम
सत्यम शिवम सुंदरम
ल: झूठा कहीं का!
स: झूठ कहीं का? हाँ, हरे रामा हरे कृष्ना
ल: धत! चार सौ बीस, आवारा!
स: दिल ही तो है
ल: है!
स: आशिक़ हूँ बहारों का, तेरे मेरे सपने, तेरे घर के समने,
आमने सामने, शादी के बाद!
ल: शादी के बाद? ओ बाप रे!
स: हां हां हां, हां! हमारे तुम्हारे!
ल: क्या?
स: मुन्ना, गुड्डी, टिंकू, मिली, शिन शिनाती बबूला बू,
खेल खेल में शोर! शोर, शोर ...
ल: भूल गये?
स: जॉनी मेरा नाम
ल: अच्छा?
स: चोरी मेरा काम, जॉनी मेरा नाम, ओ, चोरी मेरा काम
ल: ओ!
स: राम और श्याम
ल: धत, बंडलबास!
स: लड़की, मिलन, गीत गाता चल, प्यार का मौसम
ल: बेशरम!
स: आहा हाहाहाहा! प्यार का मौसम
ल: बेशरम ...
स: सत्यम शिवम सुंदरम, सत्यम शिवम सुंदरम
सत्यम शिवम सुंदरम
मेरे जीवन साथी, प्यार किये जा
ल: जा जा!
स: जवानी दीवानी
खूबसुरत, ज़िद्दी पड़ोसन, सत्यम शिवम सुंदरम
इश्क़ इश्क़ इश्क़!
ल: **Naughty boy.**
स: हा हा! इश्क़ इश्क़ इश्क़
ल: **Bluff master.**
स: ये रास्ते हैं प्यार के, चलते चलते, मेरे हमसफ़र
ल: आह!
स: हमसफ़र, दिल तेरा दीवाना, दीवाना मस्ताना,
छलिया, अंजाना
ल: **(giggles)** पगला कहीं का!
स: छलिया, अंजाना, आशिक़ बेगाना, लोफ़र, अनाड़ी
बढ़ती का नाम दाढ़ि, चलति का नाम गाड़ी - (२)
जब प्यार किसी से होता है, ये सनम
ल: ओ हो!
स: जब याद किसी की आती है, जनेमन
ल: सच?
स: बंदन, कंगन, चंदन, झूला, चंदन, कंगन, बंदन, झूला, बंदन
झूला, कंगन झूला, चंदन झूला, झूला झूला झूला झूला
दिल दिया दर्द लिया, झनक झनक पायल बाजे,
छम छमा छम
गीत गाया पत्थरों ने, सरगम, सत्यम शिवम सुंदरम
सत्यम शिवम सुंदरम, सत्यम शिवम सुंदरम
स: मेरे जीवन साथी, प्यार किये जा
ल: चल चल!
स: जवानी दिवानी, खूबसुरत, ज़िद्दी, पड़ोसन
सत्यम शिवम सुंदरम, सत्यम शिवम सुंदरम
Sing with me come on!
ल, स: ला ला ला ला ला ला

दुनिया से कह दो न हम को पुकारे
हम खो गये हैं यहाँ

भू: अब याद आया कितना अधूरा
अब तक था दिल का फ़साना

आ: यूँ पास आके दिल में समाके
दामन न हमसे छुड़ाना - २

आ: जिन रास्तों पर तेरे कदम हों
मंजिल है मेरी वहाँ
दुनिया से कह दो न हम को पुकारे
हम खो गये हैं यहाँ
लौट आयी हैं फिर रूठी बहारें
कितना हसीन है समाँ
दुनिया से कह दो न हम को पुकारे
हम खो गये हैं यहाँ

वन्दे मातरम्
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्
शस्य श्यामलां मातरं ।
शुभ्र ज्योत्स्न पुलकित यामिनीम
फुल्ल कुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम् ।
सुखदां वरदां मातरम् ॥ वन्दे मातरम् ...

सप्त कोटि कन्ठ कलकल निनाद कराले
निसप्त कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले
के बोले मा तुमी अबले
बहुबल धारिणीं नमामि तारिणीम्
रिपुदलवारिणीं मातरम् ॥ वन्दे मातरम् ...

तुमि विद्या तुमि धर्म, तुमि हृदि तुमि मर्म
त्वं हि प्राणाः शरीरे
बाहुते तुमि मा शक्ति,
हृदये तुमि मा भक्ति,
तोमारै प्रतिमा गडि मंदिरे मंदिरे ॥ वन्दे मातरम् ...

त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी
कमला कमलदल विहारिणी
वाणी विद्यादायिनी, नमामि त्वाम्
नमामि कमलां अमलां अतुलाम्
सुजलां सुफलां मातरम् ॥ वन्दे मातरम् ...

श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्
धरणीं भरणीं मातरम् ॥ वन्दे मातरम् ...

film: Dilli Ka Thug singer: Kishore, Asha
lyrics: Majrooh music: Ravi

कि: ये रातें, ये मौसम, नदी का किनारा, ये चंचल हवा
आ: कहा दो दिलों ने, की होंगे न मिल कर, कभी हम जुदा
(दोनो): ये रातें, ये मौसम, नदी का किनारा, ये चंचल हवा

आ: ये क्या बात है आज की चांदनी में - २
के हम खो गये प्यार की रागिनी में
कि: ये बाहों में बाहें, ये बहकी निगाहें
लो आने लगा ज़िंदगी का मज़ा
(दोनो): ये रातें, ये मौसम, नदी का किनारा, ये चंचल हवा

कि: सितारों की महफ़िल ने करके इशारा - २
कहा अब तो सारा जहाँ है तुम्हारा
आ: मुहब्बत जवाँ हो, खुला आसमाँ हो
करे कोई दिल आरज़ू और क्या
(दोनो): ये रातें, ये मौसम, नदी का किनारा, ये चंचल हवा

आ: क़सम है तुम्हे तुम अगर मुझसे रूठे - २
कि: रहे सांस जब तक, ये बंधन न टूटे
आ: तुम्हें दिल दिया है, ये वादा किया है
सनम मैं तुम्हारी रहूंगी सदा
कि: ये रातें, ये मौसम, नदी का किनारा, ये चंचल हवा
(दोनो): कहा दो दिलों ने, की होंगे न मिल कर,
कभी हम जुदा
(दोनो): ये रातें, ये मौसम, नदी का किनारा, ये चंचल हवा

film: Prem Parbat singer: Lata
lyrics: Jan Nissar Akhtar music: Jaidev

ये दिल और उनकी, निगाहों के साये - (३)

मगर ऐ हंसीं
जबसे देखा, मैंने तुझको, मुझको
शायरी, आ गई

मैनं आशिक़ तो नहीं
मगर ऐ हसीं
जबसे देखा, मैंने तुझको, मुझको
आशिक़ी, आ गई

प्यार का नाम मैंने सुना था मगर
प्यार क्या है ये मुझको नहीं थी खबर
मैं तो उलझा रहा उलझनों की तरह
दोस्तों में रहा दुश्मनों की तरह
मैं दुश्मन तो नहीं
मगर ऐ हंसीं
जब से देखा, मैं ने तुझको, मुझको
दोस्ती आ गई

सोचता हूँ अगर मैं दुआ मांगता
हाथ अपने उठाकर मैं क्या मांगता
जब से तुझसे मुहब्बत मैं करने लगा
तब से ऐसे इबादत मैं करने लगा
मैं क़ाफ़िर तो नहीं
मगर ऐ हंसीं
जब से देखा, मैं ने तुझको, मुझको
बंदगी आ गई

film: Muqaddar Ka Sikandar singer: Lata
lyrics: Anjaan music: Kalyanji, Anandji

दिल तो है दिल, दिल का ऐतबार, क्या कीजै - (२)
आ गया जो, किसी पे प्यार, क्या कीजै - (२)
दिल तो है दिल, दिल का ऐतबार, क्या कीजै

यादों में तेरी खोई, रातों को मैं ना सोई
हालत ये मेरे मन की, जाने ना जाने कोई
बरसों ही तरसी आँखें, जागी है प्यासी रातें
आई हैं आते आते होठों पे दिल की बातें
प्यार में तेरे, दिल का मेरा कुछ भी हो अंजाम
बेक़रारी, में है इक़रार, क्या कीजै
आ गया जो, किसी पे प्यार, क्या कीजै - (२)

छाया है मन पे मेरे मदहोश रहना तेरा
मेरे ही तनको मिला तेरी बाहो का फ़ेरा
दूरी सही न जाये, चैन कहीं ना आये
चलना है अब तो तेरी पलको के छाये छाये
बस ना चले रे काम सवेरे लेके तेरा नाम

दिल धड़कता है बार बार क्या कीजै
आ गया जो, किसी पे प्यार, क्या कीजै - (२)
दिल तो है दिल, दिल का ऐतबार, क्या कीजै

film: Aitabar singer: Asha, Bhupendra
lyrics: Hasan Kamal music: Bappi Lahiri

भू: आवाज़ दी है आज इक नज़र ने
या है ये दिल को गुमाँ
दोहरा रहीं हैं जैसे फ़ज़ायें
भूली हुई दास्ताँ - २

आ: लौट आयी हैं फिर रूठी बहारें
कितना हसीन है समा
दुनिया से कह दो न हम को पुकारे
हम खो गये हैं यहाँ - २

भू: जीवन में कितनी वीरानियाँ थी
छायी थी कैसी उदासी
सुनकर किसी के कदमों की आहट
हलचल हुई है ज़रा सी - २

सागर में जैसे लहरें उठीं हैं
टूटी हैं खामोशियाँ
दोहरा रहीं हैं जैसे फ़ज़ायें
भूली हुई दास्ताँ

आ : तूफ़ान में खोई कश्ती को आखिर
मिल ही गया फिर किनारा
हम छोड़ आये ख़ाबों की दुनिया
दिल ने तेरे जब पुकारा - २

कबसे खड़ी थी बाहें पसारे
इस दिल की तन्हाइयाँ

रहते हैं सदा सर पे
तू है तो अंधेरे पथ में हमें, हो...
दोनो: तू है तो अंधेरे पथ में हमें
सूरज की ज़रूरत क्या होगी
ऐ माँ, ऐ माँ तेरी...

दोनो: कहते हैं तेरी शान में जो
कोई ऊँचे बोल नहीं
भगवान के पास भी माता
तेरे प्यार का मोल नहीं
हम तो यही जाने तुझसे बड़ी, हो...
हम तो यही जाने तुझसे बड़ी
संसार की दौलत क्या होगी
ऐ माँ, ऐ माँ तेरी...

film: Sanjog singer: Lata lyrics: music: Madan Mohan

वो भूली दास्तां लो फिर याद आ गई - २
नज़र के सामने घटा सी छा गई - २
वो भूली दास्तां लो फिर याद आ गई

कहाँ से फिर चले आये, वो कुछ भटके हुए साये
वो कुछ भूले हुए नग़मे, जो मेरे प्यार ने गाये
वो कुछ बिखरी हुई यादें, वो कुछ टूटे हुए नग़मे
पराये हो गये तो क्या, कभी ये भी तो थे अपने
न जाने इनसे क्यों मिलकर, नज़र शर्मा गई
वो भूली ...

बड़े रंगीन ज़माने थे, तराने ही तराने थे
मगर अब पूछता है दिल, वो दिन थे या फ़साने थे
फ़क़त इक याद है बाकी, बस इक फ़रियाद है बाकी
वो खुशियाँ लुट गई लेकिन, दिल-ए-बरबाद है बाकी
कहाँ थी ज़िन्दगी मेरी, कहाँ पर आ गई
वो भूली ...

उम्मीदों के हँसी मेले, तमन्नाओं के वो रेले
निगाहों ने निगाहों से, अजब कुछ खेल से खेले
हवा में ज़ुल्फ़ लहराई, नज़र पे बेखुदी छाई
खुले थे दिल के दरवाज़े, मुहब्बत भी चली आई
तमन्नाओं की दुनिया पर, जवानी छा गई
वो भूली ...

वो भूली दास्तां लो फिर याद आ गई - २
नज़र के सामने घटा सी छा गई - २
वो भूली दास्तां लो फिर याद आ गई

film: Aashiqui singer: Kumar Sanu, Anuradha Paudwal
lyrics: music: Nadeem, Shravan

साँसों की ज़रूरत है जैसे - (२)
ज़िंदगी के लिये - (२)
बस एक सनम चाहिये, आशिक़ी के लिये

(जाम की ज़रूरत है जैसे - २), बेखुदी के लिये
हाँ एक सनम चाहिये, आशिक़ी के लिये
बस एक सनम चाहिये, आशिक़ी के लिये

वक़्त के हाथों में सबकी तक़दीरें हैं - (२)
आईना झूठा है सच्ची तसवीरें हैं
जहाँ दर्द है वहीं गीत है
जहाँ प्यास है वहीं मीत है
कोई ना जाने मगर जीने की यही रीत है
(साज़ की ज़रूरत है जैसे -२), मौसिक़ी के लिये
बस एक सनम चाहिये, आशिक़ी के लिये

हो हो हो हो हो हो हो - (२)

मंज़िलें हासिल हैं फिर भी एक दूरी है
बिना हमराही के ज़िंदगी अधूरी है
मिलेगी कहीं कोई रहगुज़र
तन्हा कटेगा कैसे ये सफ़र
मेरे सपने हो जहाँ
ढून्ढूं मैं ऐसी नज़र
(चांद की ज़रूरत है जैसे -२), चांदनी के लिये
बस एक सनम चाहिये, आशिक़ी के लिये

film: Bobby singer: Shailendra
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

मैं शायर तो नहीं

तुझसे नाराज़ नहीं ज़िन्दगी, हैरान हूँ मैं
ओ हैरान हूँ मैं
तेरे मासूम सवालों से परेशान हूँ मैं
ओ परेशान हूँ मैं

जीने के लिये सोचा ही न था, दर्द सम्भालने होंगे
मुस्कुराऊँ तो, मुस्कुराने के कर्ज़ उठाने होंगे
मुस्कुराऊँ कभी तो लगता है
जैसे होंठों पे कर्ज़ रखा है
तुझसे ...

आज अगर भर आई हैं, बूँदें बरस जायेंगी
कल क्या पता इनके लिये आँखें तरस जायेंगी
जाने कहाँ गुम कहाँ खोया
एक आँसू छुपाके रखा था
तुझसे ...

ज़िन्दगी तेरे ग़म ने हमें रिश्ते नये समझाये
मिले जो हमें धूप में मिले छाँव के ठंडे साये
(music for these lines!)
ओ तुझसे ...

film: Sazaa singer: Lata lyrics: Sahir music: S.D. Burman

तुम न जाने किस जहाँ में खो गये
हम भरी दुनिया में तनहा हो गये
तुम न जाने किस जहाँ में ...

एक जां और लाख ग़म, घुट के रह जाये न दम
आओ तुम को देख लें, डूबती नज़रों से हम
लूट कर मेरा जहाँ छुप गये हो तुम कहाँ - २
तुम कहाँ, तुम कहाँ, तुम कहाँ
तुम न जाने किस जहाँ में ...

मौत भी आती नहीं, रात भी जाती नहीं
दिल को ये क्या हो गया, कोई शह भाती नहीं
लूट कर मेरा जहाँ छुप गये हो तुम कहाँ - २
तुम कहाँ, तुम कहाँ, तुम कहाँ
तुम न जाने किस जहाँ में ...

film: Khamoshi singer: Hemant Kumar
lyrics: Gulzar music: Hemant Kumar

तुम पुकार लो, तुम्हारा इन्तज़ार है,
तुम पुकार लो
ख़्वाब चुन रही है रात, बेक़रार है
तुम्हारा इन्तज़ार है, तुम पुकार लो

होंठ पे लिये हुए दिल की बात हम
जागते रहेंगे और कितनी रात हम
मुक़्तसर सी बात है तुम से प्यार है
तुम्हारा इन्तज़ार है, तुम पुकार लो

दिल बहल तो जायेगा इस ख़याल से
हाल मिल गया तुम्हारा अपने हाल से
रात ये क़रार की बेक़रार है
तुम्हारा इन्तज़ार है, तुम पुकार लो

film: Daadi Maa singer: Manna Dey, Mahendra Kapoor
lyrics: music: Roshan

महे: उसको नहीं देखा हमने कभी
पर इसकी ज़रूरत क्या होगी
दोनो: ऐ माँ, ऐ माँ तेरी सूरत से अलग
भगवान की सूरत क्या होगी, क्या होगी
उसको नहीं देखा हमने कभी...

मन: इनसान तो क्या देवता भी
आँचल में पले तेरे
है स्वर्ग इसी दुनिया में
कदमों के तले तेरे
ममता ही लुटाये जिसके नयन, हो...
दोनो: ममता ही लुटाये जिसके नयन
ऐसी कोई मूरत क्या होगी
ऐ माँ, ऐ माँ तेरी...

महे: क्यों धूप जलाये दुखों की
क्यों ग़म की घटा बरसे
ये हाथ दुआओं वाले

इतनी बड़ी इस दुनिया की
लम्बी अकेली राहों में
हमराह तेरे कोई अपना तो है (२)
ओ . . . , सुख है एक छाँव . . .
(fading voice)
दुख तो अपना साथी है (२)

film: Ghar Ghar Ki Kahani singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: Kalyanji, Anandji

समा है सुहाना सुहाना
नशे में जहाँ है
किसी को किसी की खबर ही कहाँ है
हर दिल में देखो
मोहब्बत जवाँ है
hmm . . .

कह रही है नज़र नज़र से अफ़साने
hmm . . .
कह रही है नज़र नज़र से अफ़साने
हो रहा है असर के जिसको दिल जाने
देखो ये दिल की अजब दास्तां है
नज़र बोलती है, दिल बेज़ुबां है
hmm . . .
समा है सुहाना सुहाना . . .

हो रहा है मिलन दिलों का मस्ताना
hmm . . .
हो रहा है मिलन दिलों का मस्ताना
हो गया है कोई किसी का दीवाना
जहाँ दिलरुबा है, दिल भी वहाँ है
जिसे प्यार कहिये, वही दर्मियाँ है
hmm . . .
समा है सुहाना सुहाना . . .

film: Parvaana singer: Kishore lyrics: music: Madan Mohan

सिमटी सी शरमाई सी, किस दुनिया से तुम आई हो
कैसे जहाँ में समायेगा, इतना हुस्न जो लाई हो
सिमटी सी . . .

जब तक तुम्हे देखा नहीं, ये दिल कभी धडका नहीं
आये गये कितने सनम मैंने मगर पूजा नहीं
तुम दिल की पहली अंगड़ाई हो - (२)
सिमटी सी . . .

आँखें मिली वादा हुआ, कुछ कह दिया, कुछ सुन लिया
ठहरे कहाँ बेताब दिल, कैसे मिले अपना पता
ज़ुल्फ़ों की बदली जब छाई हो - (२)
सिमटी सी . . .

film: Madhumati singer: Mukesh
lyrics: Shailendra music: Salil Choudhary

सुहाना सफ़र और ये मौसम हंसीं (२)
हमें डर है हम खो न जाएं कहीं
सुहाना सफ़र . . .

(ये कौन हँसता है फूलों में छुप कर
बहार बेचैन है किसकी धुन पर) - (२)
कहीं गुमगुम, कहीं रुमझुम, के जैसे नाचे ज़मीं
सुहाना सफ़र . . .

(ये गोरी नदियों का चलना उछलकर
के जैसे अल्हड़ चले पी से मिलकर) - (२)
प्यारे प्यारे ये नज़ारे निखरे हैं हर कहीं
सुहाना सफ़र . . .

हो हो हो . . .
(वो आसमाँ झुक रहा है ज़मीं पर
ये मिलन हमने देखा यहीं पर) - (२)
मेरी दुनिया, मेरे सपने, मिलेंगे शायद यहीं
सुहाना सफ़र . . .

film: Maasuum singer: Lata, Anoop Ghoshal
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

डैडी का मम्मी का, सब का कहना है, एक हज़ारों ...

जब से मेरी आँखों से हो गई तू दूर
तब से सारे जीवन के सपने हैं चूर
आँखों में नींद ना, मन में चैना है, एक हज़ारों ...

देखो हम तुम दोनो हैं एक डाली के फूल
मैं न भूला तू कैसे मुझको गई भूल
आ मेरे पास आ, कह जो कहना है, एक हज़ारों ...

जीवन के दुखों से, यूँ डरते नहीं हैं
ऐसे बचके सच से गुज़रते नहीं हैं
सुख की है चाह तो, दुख भी सहना है, एक हज़ारों ...

ITRANS Song Book: 318.s

film: Rajnigandha singer: Lata
lyrics: Yogesh ? music: Salil Choudhary

रजनीगंधा फूल तुम्हारे महके यूँ ही जीवन में
ओ... जैसे महके प्रीत पिया की मेरे अनुरागी मन में
रजनीगंधा...

हर पल मेरी इन आँखों में बस रहते हैं सपने उनके
मन कहता है मैं रंगों की एक प्यार भरी बदली बनकर
बरसूँ उनके जीवन में
रजनीगंधा...

अधिकार ये जबसे साजन का हर धड़कन पर माना मैंने
मैं जबसे उनके साथ बंधी ये भेद तभी जाना मैंने
कितना सुख है बंधन में

ITRANS Song Book: 319.s

film: Raat Aur Din singer: Lata
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

रात और दिन दिया जले
मेरे मन में फिर भी अंधियारा है
जाने कहाँ है वो साथी
तू जो मिले जीवन उजियारा है
रात और दिन...

पग पग मन मेरा ठोकर खाए
चाँद सूरज भी राह न दिखाए
ऐसा उजाला कोई मन में समाए
जिसके पिया का दर्शन मिल जाए
रात और दिन...

गहरा ये भेद कोई मुझको बताए
किसने किया है मुझपर अन्याय
जिसका ही दीप वो बुझ नहीं पाए
ज्योति दिये की दूजे घर को सजाए
रात और दिन...

खुद नहीं जानूँ ढूँढे किसको नज़र
कौन दिशा है मन की डगर
कितना अजब है ये दिल का सफ़र
जियरा में आए जैसे कोई लहर
रात और दिन...

ITRANS Song Book: 320.s

film: Dosti singer: Rafi
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: Laxmikant, Pyarelal

दुख हो या सुख जब सदा संग रहे न कोई
फिर दुख को अपनाइये
कि जाए तो दुख न होये

(राही मनवा दुख की चिंता क्यों सताती है दुख तो अपना साथी है) - (२)
सुख है एक छाँव ढलती आती है जाती है
दुख तो अपना साथी है
राही मनवा दुख की चिंता क्यों सताती है
दुख तो अपना साथी है

दूर है मंज़िल दूर सही
प्यार हमारा क्या कम है
पग में काँटे लाख सही
पर ये सहारा क्या कम है
हमराह तेरे कोई अपना तो है (२)
ओ..., सुख है एक छाँव ...

दुख हो कोई तब जब जलते हैं
पथ के दीप निगाहों में

और बाहर से कुछ और नज़र आते हैं,
बरख़ुर्दार शक्ल से तो, चोर नज़र आते हैं,
उम्र गुज़री है सारी चोरी में
सारे सुख चैन बन्द, जुर्म की तिजौरी में

आप का तो लगता है बस यही सपना
राम नाम जपना पराया माल अपना (२)

वतन का खाया नमक तो, नमक हलाल बनो,
फ़र्ज़ ईमान की ज़िंदा यहाँ मिसाल बनो
पराया धन, पराई नार पे नज़र मत डालो
बुरी आदत है ये, आदत अभी बदल डालो

क्यों कि!! ये आदत तो, वो आग है जो
इक दिन अपना घर फूँके फूँके फूँके रे
के पग घुँघरू ...

(Some English lines here.....)
मौसम-ए-इश्क़ में मचले हुए अर्मान हैं हम
दिल को लगता है की दो जिस्म एक जान हैं हम
ऐसा लगता है तो लगने में कुछ बुराई नहीं
दिल ये कहता है आप अपनी हैं, पराई नहीं

संगेमरमर की हाय, कोई मूरत हो तुम
कोई दिलकश बड़ी, खूबसूरत हो तुम
दिल दिल से मिलने का कोई मुहूरत हो
प्यासे दिलों की ज़रूरत हो तुम

दिल चीरके, दिखला दूँ मैं,
दिल में यही, सूरत हंसीं
क्या आप को लगता नहीं, हम हैं मिले पहले कहीं

क्या देस है, क्या जात है,
क्या उम्र है, क्या नाम है,
अरे छोड़िये इन बातों से,
हमको भला क्या काम है

अजी सुनिये तो... हम आप मिले
तो फिर हो शुरू
अफ़साने लैला, मजनू लैला मजनू के

के पग घुँघरू ...

ITRANS Song Book: 316.s

film: Nikaah singer: Salma Agha lyrics: music: Ravi

फ़िज़ा भी है जवाँ जवाँ, हवा भी है रवाँ रवाँ
सुना रहा है ये समा सुनी सुनी सी दास्ताँ

बुझी मगर बुझी नहीं, न जाने कैसी प्यास है
क़रार दिल से आज भी न दूर है न पास है
ये खेल धूप छाओं का, ये पर्वतें ये दूरियाँ
सुना रहा है ये समा...

हर एक पल को ढूँढता हर एक पल चला गया
हर एक पल फिर आप का, हर एक पल मिसाल का
हर एक पल गुज़र गया, बनाके दिल पे इक निशाँ
सुना रहा है ये समा...

पुकार देख दूर, वो काफ़िले बहार के
बिखर गए हैं रंग से, किसीके इन्तज़ार में
लहर लहर के होंठ पर, वफ़ा की हैं कहानियाँ
सुना रहा है ये समा...

वोही घड़ी वोही पहर, वोही हवा वोही लहर
नई हैं मंज़िलें मगर, वोही डगर वोही सफ़र
नज़र गई जिधर जिधर, मिली वोही निशानियाँ
सुना रहा है ये समा...

ITRANS Song Book: 317.s

film: Hare Rama Hare Krishna singer: Kishore, Lata
lyrics: Anand Bakshi music: S.D. Burman

फूलों का तारों का, सबका कहना है
एक हज़ारों में मेरी बहना है
सारी, उमर, हमें संग रहना है
फूलों ...

ये न जाना दुनिया ने तू है क्यूँ उदास,
तेरी प्यासी आँखों में प्यार की है प्यास,
आ मेरे पास आ, कह जो कहना है, एक हज़ारों ...

भोली-भाली जापानी गुड़िया जैसी तू,
प्यारी-प्यारी जादू की पुड़िया जैसी तू,

ख़ामोशी सुनाने लगी, है दास्तां) - (२)
नज़र बन गई है, दिल की ज़ुबां
न तुम ...

(मुहब्बत के मोड़ पे हम, मिले सबको छोड़ के हम
धड़कते दिलों का लेके, ये कारवां) - (२)
चले आज दोनो, जाने कहां
न तुम ...

film: Anand Mahal singer: Yesudas
lyrics: music: Salil Choudhary

नी स, ग म प नी, स रे ग, आ आ रे मितवा
जनम जनम से हैं हम तो प्यासे, आ संग मेरे गा
नी स...

(सपना, देखें मेरे खोये खोये नैना
मितवा मेरे आ तू भी सीख ले सपने देखना) - (२)
आ, नी स नी ध प म ग रे स
नी स...

जाने न तू ग़म की गहराइयाँ
आजा कट जायें मेरी तनहाइयाँ - (२)
आ भी जा; बरसा दे प्रीत का सावन
बरसों के जलते मन की, बुझ जाये अगन - (२)
आ, रे स नी स नी ध प; ध प म; प म ग रे स
नी स...

ग प ध नी द
ग प ध नी ध नी ध प ग प ध नी द
स ग प ध
ध नी स ध नी, प ध नी प ध, ग म ध प ध
नी प, रे नी प, ग स
नी स नी स, प ध नी ध, ग म प ग म रे स
नी स...
नी स ग म प नी स रे ग, आ आ आ

film: Namak Halaal singer: Kishore Kumar, chorus
lyrics: music: Bappi Lahiri

बुज़ुर्गों ने,
बुज़ुर्गों ने, फ़रमाया के पैरों पे अपने खड़े होके दिखलाओ
फिर ये ज़माना तुम्हारा है,
ज़माने के सुर ताल के साथ, बढ़ते चले जाओ
फिर हर तराना तुम्हारा, फ़साना तुम्हारा है

अरे तो लो भैया हम, अपने पैरों के ऊपर,
खड़े हो गए,
और मिलाली है ताल
दबा लेगा दाँतों तले उँगलियाँ ... लियाँ ...
ये जहाँ देख कर, देख कर
अपनी चाल... वाह वाह!

धन्यवाद!
के पग घुँघरू ...
के पग घुँघरू बाँध, मीरा नाची थी
और हम नाचे बिन घुँगरू के
के पग घुँगरू बाँध, मीरा नाची थी
वो तीर भला, किस काम का है
जो तीर निशाने से चूके चूके चूके रे
के पग घुँघरू ...

स स स ग ग री री स नी नी स स स (३)
ग ग ग प प म म ग री री ग ग ग (२)
प नी स (४) । म प नी (४)
रे रे रे रे रे ग रे ग रे ग
(Kishore Kumar stops)
प प प प प म ग रे स नी स ध
स नी स ध स नी स ध
स नी स ध स नी स ध
स ध नी स स ध नी स
स ध नी स स ध नी स
प म प म ग म ग रे
ग रे स नी स नी स ग
स रे स ग रे ग रे म
रे म ग म ग म प म
प म ग रे स नी स प स
प म ग रे स नी स प स
(Kishore Kumar continues)
Mmmmmmm...

आप अंदर से कुछ,

मत खेल . . .
मत खेल जल जाएगी, कहती है आग मेरे मन की
मैं बंदिनी पिया की चिर संगिनी हूँ साजन की
मेरा खींचती है आँचल . . .
मेरा खींचती है आँचल मन मीत तेरी हर पुकार
मेरे साजन हैं उस पार
ओ रे माझी ओ रे माझी ओ ओ मेरे माझी
मेरे साजन हैं उस पार . . .

ITRANS Song Book: 311.s

film: Ek Musafir Ek Hasina singer: Rafi, Asha
lyrics: Raja Mehdi Ali Khan music: O.P. Nayyar

र: मैं प्यार का राही हूँ
तेरी ज़ुल्फ़ के साए में
कुछ देर ठहर जाऊँ
आ: तुम एक मुसाफ़िर हो
कब छोड़के चल दोगे
ये सोचके घबराऊँ
र: मैं प्यार का राही हूँ

र: तेरे बिन जी लगे न अकेले
आ: हो सके तो मुझे साथ ले ले
र: नाज़नीं तू नहीं जा सकेगी
छोड़कर ज़िन्दगी के झमेले
नाज़नीं
आ: जब भी छाए घटा
याद करना ज़रा
साथ रंगों की उम्र कहानी
र: मैं प्यार का राही हूँ

र: प्यार की बिजलियाँ मुस्कुराएं
आ: देखिये आप पर गिर न जाएं
र: दिल कहे देखता ही रहूँ मैं
सामने बैठकर ये अदाएं
दिल कहे
आ: न मैं हूँ नाज़नीं
न मैं हूँ महजबीं
आप ही की नज़र है दीवानी
र: मैं प्यार का राही हूँ

ITRANS Song Book: 312.s

film: Kabhi Kabhi singer: Mukesh
lyrics: Sahir music: Khayyam

मैं पल दो पल का शायर हूँ
पल दो पल मेरी कहानी है
पल दो पल मेरी हस्ती है
पल दो पल मेरी जवानी है
मैं पल दो पल का शायर हूँ . . .

मुझसे पहले कितने शायर
आए और आकर चले गए
कुछ आहें भर कर लौट गए
कुछ नग़मे गाकर चले गए
वो भी एक पल का किस्सा था
मैं भी एक पल का किस्सा हूँ
कल तुमसे जुदा हो जाऊँगा
वो आज तुम्हारा हिस्सा हूँ
मैं पल दो पल का शायर हूँ . . .

कल और आएंगे नग़मों की
खिलती कलियाँ चुनने वाले
मुझसे बेहतर कहने वाले
तुमसे बेहतर सुनने वाले
कल कोई मुझको याद करे
क्यूँ कोई मुझको याद करे
मसरूफ़ ज़माना मेरे लिये
क्यूँ वक़्त अपना बरबाद करे
मैं पल दो पल का शायर हूँ . . .

ITRANS Song Book: 313.s

film: Baat Ek Raat Ki singer: Hemant Kumar, Suman Kalyanpur
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: Hemant Kumar

hmmmmm . . .
मगर लगता है कुछ ऐसा, मेरा हमदम मिल गया
न तुम हमें जानो, न हम तुम्हें जानें
मगर लगता है कुछ ऐसा, मेरा हमदम मिल गया
न तुम . . .

(ये मौसम ये रात चुप है, ये होंठों की बात चुप है

बात पुरानी है, एक कहानी है
अब सोचूँ तुम्हें, याद नहीं है
अब सोचूँ नहीं भूले, वो सावन के झूले
ऋतु आये ऋतु जाये देके
झूठा एक दिलासा, फिर भी...

बरसों बीत गए, हमको मिले बिछड़े
बिजुरी बनकर, गगन पे चमके
बीते समय की रेखा, मैंने तुमको देखा
मन संग आँखमिचौली खेले
आशा और निराशा, फिर भी...
Lata version:
मेरे नैना सावन भाँदो
फिर भी मेरा मन प्यासा - (२)

बात पुरानी है...

घुंघरू की छमछम, बन गई दिल का ग़म
डूब गया दिल, यादों में फिर (?)
उभरी बेरंग लकीरें, देखो ये तस्वीरें
सूने महल में नाच रही है
अब तक एक रक्कासा, फिर भी...

film: Mere Mehboob singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

मेरे महबूब तुझे मेरी मुहब्बत की क़सम
फिर मुझे नरगिसी आँखों का सहारा दे दे
मेरा खोया हुआ रंगीन नज़ारा दे दे, मेरे महबूब तुझे ...

भूल सकती नहीं आँखें वो सुहाना मंज़र
जब तेरा हुस्न मेरे इश्क़ से टकराया था
और फिर राह में बिखरे थे हज़ारों नग़में
मैं वो नग़में तेरी आवाज़ को दे आया था
साज़-ए-दिल को उन्हीं गीतों का सहारा दे दे
मेरा खोया ...

याद है मुझको मेरी उम्र की पहली वो घड़ी
तेरी आँखों से कोई जाम पिया था मैने
मेरे रग रग में कोई बर्क़ सी लहराई थी
जब तेरे मरमरी हाथों को छुआ था मैने
आ मुझे फिर उन्हीं हाथों का सहारा दे दे
मेरा खोया ...

मैने इक बार तेरी एक झलक देखी है
मेरी हसरत है के मैं फिर तेरा दीदार करूँ
तेरे साए को समझ कर मैं हंसीं ताजमहल
चाँदनी रात में नज़रों से तुझे प्यार करूँ
अपनी महकी हुई ज़ुल्फ़ों का सहारा दे दे
मेरा खोया ...

ढूँढता हूँ तुझे हर राह में हर महफ़िल में
थक गये हैं मेरी मजबूर तमन्ना के कदम
आज का दिन मेरी उम्मीद का है आखिरी दिन
कल न जाने मैं कहाँ और कहाँ तू हो सनम
दो घड़ी अपनी निगाहों का सहारा दे दे
मेरा खोया ...

सामने आ के ज़रा पर्दा उठा दे रुख़ से
इक यही मेरा इलाज-ए-ग़म-ए-तन्हाई है
तेरी फ़ुरक़त ने परेशान किया है मुझको
अब मिल जा के मेरी जान भी बन आई है
दिल को भूली हुई यादों का सहारा दे दे
मेरा खोया ...

film: Bandini singer: S.D. Burman
lyrics: Gulzar music: S.D. Burman

ओ रे माझी ओ रे माझी ओ ओ मेरे माझी
मेरे साजन हैं उस पार, मैं मन मार, हूँ इस पार
ओ मेरे माझी, अबकी बार, ले चल पार, ले चल पार
मेरे साजन हैं उस पार...

हो मन की किताब से तू, मेरा नाम ही मिटा देना
गुन तो न था कोई भी, अवगुन मेरे भुला देना
मुझको तेरी बिदा का...
मुझको तेरी बिदा का मर के भी रहता इंतज़ार
मेरे साजन...

मत खेल जल जाएगी, कहती है आग मेरे मन की

ना पवन की ना चमन की
किसकी है ये भूल - (२)
खो गई - (२) खुशबू हवा में कुछ न रह गया
मेरा जीवन ...

(उड़ते पंछी का ठिकाना) - (२)
मेरा न कोई जहाँ - (२)
ना डगर है ना खबर है
जाना है मुझको कहाँ - (२)
बन के सपना - (२) हमसफ़र का साथ रह गया
मेरा जीवन ...

दुख के अन्दर सुख की ज्योती
दुख ही सुख का ज्ञान - (२)
दर्द सह के जन्म लेता
हर कोई इनसान - (२)
वो सुखी है - (२) जो खुशी से दर्द सह गया
मेरा जीवन ...

film: Anamika singer: Kishore
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: R.D. Burman

मेरी भीगी-भीगी सी, पलकों पे रह गए
जैसे मेरे सपने बिखर के
जले मन तेरा भी, किसी के मिलन को
अनामिका, तू भी तरसे
मेरी भीगी ...

तुझे बिन जाने, बिन पहचाने
मैंने हृदय से लगाया
पर मेरे प्यार के बदले में तूने
मुझको ये दिन दिखलाया
जैसे बिरहा की ऋतु मैंने काटी
तड़पके आँहें भर-भर के
जले मन तेरा ...

आग से नाता, नारी से रिश्ता
काहे मन समझ न पाया
मुझे क्या हुआ था, इक बेवफ़ा से
हाय मुझे क्यों प्यार आया
तेरी बेवफ़ाई पे, हँसे जग सारा
गली-गली गुज़रे जिधर से
जले मन तेरा ...

film: Daag singer: Kishore Kumar
lyrics: Sahir Ludhianvi music: Laxmikant, Pyarelal

मेरे दिल में आज क्या है
तू कहे तो मैं बता दूँ
तेरी ज़ुल्फ़ फिर सवारूँ
तेरी माँग फिर सजा दूँ
मेरे दिल में ...

मुझे देवता बनाकर, तेरी चाहतों ने पूजा - (२)
मेरा प्यार कह रहा है,
मैं तुझे खुदा बना दूँ
तेरी ज़ुल्फ़ फिर ...

कोई ढूँढ़ने भी आए, तो हमें ना ढूँढ़ पाए - (२)
तू मुझे कहीं छुपा दे,
मैं तुझे कहीं छुपा दूँ
तेरी ज़ुल्फ़ फिर ...

मेरे बाज़ुओं मे आकर, तेरा दर्द चैन पाए - (२)
तेरे गेसुओं मे छुपकर,
मैं जहाँ के ग़म भुला दूँ
तेरी ज़ुल्फ़ फिर ...

film: Mehabooba singer: Kishore or Lata
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

Kishore version:
मेरे नैना सावन भाँदों
फिर भी मेरा मन प्यासा - (२)

ऐ दिल दीवाने, खेल है क्या जाने
दर्द भरा ये, गीत कहाँ से
इन होंठों पे आए, दूर कहीं ले जाए
भूल गया क्या, भूल के भी है
मुझको याद ज़रा सा, फिर भी ...

(कल रहे ना रहे, मौसम ये प्यार का
कल रुके न रुके, डोला बहार का) - (२)
चार पल मिले जो आज, प्यार में गुज़ार दे
खिलते हैं गुल यहाँ ...

झीलों के होंठों पर, मेघों का राग है
फूलों के सीने में, ठंडी ठंडी आग है
दिल के आइने में तू, ये समा उतार दे
खिलते हैं गुल यहाँ ...

प्यासा है दिल सनम, प्यासी ये रात है
होंठों मे दबी दबी, कोई मीठी बात है
इन लम्हों पे आज तू, हर खुशी निसार दे
खिलते हैं गुल यहाँ ...

film: Abhimaan singer: Manhar, Lata
lyrics: Rajendar Krishna music: S.D. Burman

ल: लूटे कोई मन का नगर बन के मेरा साथी - (२)
म: कौन है वो, अपनों में कभी, ऐसा कहीं होता है,
ये तो बड़ा धोखा है
ल: लूटे कोई ...

ल: (यहीं पे कहीं है, मेरे मन का चोर
म: नज़र पड़े तो बइयाँ दूँ मरोड़) - (२)
ल: जाने दो, जैसे तुम प्यारे हो,
वो भी मुझे प्यारा है, जीने का सहारा है
म: देखो जी तुम्हारी यही बतियाँ मुझको हैं तड़पातीं
ल: लूटे कोई ...

म: (रोग मेरे जी का, मेरे दिल का चैन
ल: साँवला सा मुखड़ा, उसपे कारे नैन) - (२)
म: ऐसे को, रोके अब कौन भला,
दिल से जो प्यारी है, सजनी हमारी है
ल: का करूँ मैं बिन उसके रह भी नहीं पाती
ल,म: लूटे कोई ...

film: Aan singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

मान मेरा अहसान अरे नादान के मैने
तुझसे किया है प्यार
मैने तुझसे किया है प्यार

मेरी नज़र की धूप न भरती रूप तो होता
हुस्न तेरा बेकार
मैने तुझसे किया है प्यार
मान मेरा ...

उलफ़त न सही नफ़रत ही सही
इस को भी मुहब्बत कहते हैं
तू लाख छुपाए भेद मगर हम
दिल में समाए रहते हैं
तेरे भी दिल में आग उठी है जाग ज़बां से
चाहे न कर इक़रार
मैने तुझसे किया है प्यार
मेरी नज़र की ...

अपना न बना लूँ तुझको अगर
इक रोज़ तो मेरा नाम नहीं
पत्थर का जिगर पानी कर दूँ ये
तो कोई मुश्किल काम नहीं
छोड़ दे अब ये खेल तू कर ले मेल मेरे संग
मान ले अपनी हार
मैने तुझसे किया है प्यार
मान मेरा ...

film: Kora Kaagaz singer: Kishore
lyrics: M. G. Hashmath music: Kalyanji, Anandji

मेरा जीवन कोरा कागज़ कोरा ही रह गया
जो लिखा था
जो लिखा था आँसुओं के संग बह गया
मेरा जीवन ...

(इक हवा का झोंका आया) - (२)
टूटा डाली से फूल - (२)

film: Haqeeqat singer: Rafi
lyrics: Kaifi Azmi music: Madan Mohan

(कर चले हम फ़िदा जान-ओ-तन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों) - (२)

साँस थमती गई नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
कट गये सर हमारे तो कुछ ग़म नहीं
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया
मरते मरते रहा बाँकापन साथियों, अब तुम्हारे ...

ज़िंदा रहने के मौसम बहुत हैं मगर
जान देने की रुत रोज़ आती नहीं
हुस्न और इश्क़ दोनों को रुसवा करे
वो जवानी जो खूं में नहाती नहीं
बाँध लो अपने सर पर कफ़न साथियों, अब तुम्हारे ...

राह क़ुर्बानियों की न वीरान हो
तुम सजाते ही रहना नये क़ाफ़िले
फ़तह का जश्न इस जश्न के बाद है
ज़िंदगी मौत से मिल रही है गले
आज धरती बनी है दुल्हन साथियों, अब तुम्हारे ...

खींच दो अपने खूं से ज़मीं पर लकीर
इस तरफ़ आने पाये न रावण कोई
तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे
छूने पाये न सीता का दामन कोई
राम भी तुम तुम्हीं लक्ष्मण साथियों, अब तुम्हारे ...

film: Swami singer: Yesudas
lyrics: Amit Khanna music: Rajesh Roshan

का करूँ सजनी, आए न बालम
खोज रही हैं पिया परदेसी अँखियाँ - २
आए न बालम

जब भी कोई, आहट होए, मनवा मोरा भागे
देखो कहीं, टूटे नहीं, प्रेम के ये धागे
ये मतवारी प्रीत हमारी
छुपे न छुपाए - (२)
सावन हो तुम मैं हूँ तोरी बदरिया
आये न बालम, का करूँ...

भोर भई और, साँझ ढली रे, समय ने ली अंगड़ाई
ये जग सारा, नींद से हारा, मोहे नींद न आई
मैं घबराऊँ, डर डर जाऊँ
आए वो न आए - (२)
राधा बुलाए कहाँ खोए हो कन्हैय्या
आए न बालम, का करूँ...

film: Guide singer: Lata
lyrics: Shailendra music: S.D. Burman

काँटों से खींच के ये आँचल
तोड़ के बंधन बांधे पायल
कोई न रोको दिल की उड़ान को
दिल वो चला ह ह हा हा हा हा
(आज फिर जीने की तमन्ना है
आज फिर मरने का इरादा है) - २

कल के अंधेरों से निकल के
देखा है आँखें मलके मलके
फूल ही फूल ज़िंदगी बहार है
तय कर लिया अ अ आ आ आ आ
आज फिर जीने...

मैं हूँ खुमार या तूफ़ां हूँ
कोई बताए मैं कहाँ हूँ
डर है सफ़र में कहीं खो न जाऊँ मैं
रस्ता नया अ अ आ आ आ आ
आज फिर जीने...

film: Sharmilee singer: Kishore Kumar
lyrics: Neeraj music: S.D. Burman

खिलते हैं गुल यहाँ, खिलके बिखरने को
मिलते हैं दिल यहाँ, मिलके बिछड़ने को
खिलते हैं गुल यहाँ ...